# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 153 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 02 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3
डीपीएस को बम से उड़ाने की धमकी



P- 4
जनसमुदाय तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता प्राथमिकता है : डीएम



P- 5
चुनाव आयोग ने सांगठनिक चुनाव और ढांचे को लेकर इमरान



P- 6
मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

# मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत

### दावा : गैंगस्टर को अमेरिका में गोलियां मारी गईं; डल्ला-लखबीर ने जिम्मेदारी ली

एजेंसी

अमृतसर। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत हो गई है। एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने दावा किया कि अमेरिका के फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार (30 अप्रैल) शाम 5: 25 बजे गोल्डी बराड़ को गोलियां मारी गईं।

गोल्डी बराड़ अपने एक साथी के साथ घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान कुछ बदमाश आए और गोलियां मारकर भाग गए। एक चैनल को अमेरिकी पुलिस अधिकारी लैसली विलियम्स ने बताया कि 2 व्यक्तियों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया था, जिसमें से एक की मौत हो चुकी है।

बराड़ के विरोधी गैंगस्टर अर्श डल्ला और लखबीर ने गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी ली है।

दोनों ने दावा किया है कि गोल्डी पर उन्होंने दुश्मनी के चलते गोलियां चलवाई हैं। फिलहाल लॉरेंस या अन्य किसी भी गैंगस्टर की इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।



#### पढ़ाई के दौरान गोल्डी के चचेरे भाई की हत्या हुई

गोल्डी बराड़ पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का रहने वाला था। उसका जन्म साल 1994 में हुआ, माता पिता ने सतविंदर सिंह नाम रखा था। पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर थे।

बेटे को भी पढ़ा-लिखा कर काबिल बनना चाहते थे, लेकिन सतविंदर उर्फ गोल्डी ने अपनी अलग राह चुन ली।

गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की चंडीगढ़ में हत्या हो गई थी। गुरलाल को इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित एक क्लब के बाहर 11 अक्टूबर 2020 की रात गोली मारी गई।

वह पंजाब यूनिवर्सिटी का छात्र नेता था। गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ और लॉरेंस स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी से जुड़े रहे। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा।

#### हत्या का बदला लेकर कनाडा भाग गया

इस हत्या का बदला लेने के लिए गोल्डी ने क्राइम का रास्ता चुना। गोल्डी गैंगस्टर्स के संपर्क में आया।

जग्गू भगवानपुरिया और लॉरेंस बिश्नोई से भी इसकी मुलाकात हुई। फिर गोल्डी ने अपने भाई के कत्ल के आरोपी जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह पहलवान की फरीदकोट में 8 फरवरी 2021 को गोली मारकर हत्या कर दी।

# दिल्ली-एनसीआर के 100 स्कूलों में बम की धमकी फर्जी निकली

### पुलिस बोली- हमने पूरी चेकिंग की, कुछ नहीं मिला; रूस के सर्वर से भेजा गया ई-मेल



#### अब तक क्या एक्शन हुआ?

1. धमकी मिलने के बाद स्कूलों ने पुलिस कंट्रोल रूम्स को सूचना दी।
2. पुलिस की साइबर सेल ने मेल को ट्रैक करने के लिए टीमें लगाईं।
3. धमकी के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का लागू कर दिए गए हैं।
4. स्कूलों को खाली करा लिया गया है। बच्चों को घर भेज दिया गया है।
5. अभी तक टीमों को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।
6. पुलिस और प्रशासन ने पेरेंट्स को परेशान नहीं होने की सलाह दी। बताया कि सभी सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 स्कूलों में कल सुबह बम रखे होने की धमकी भेजी गई थी। इसके तुरंत बाद सभी स्कूलों में दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस पहुंच गईं। स्कूलों को खाली करवाने के बाद पुलिस ने बम की तलाशी की। दोपहर को पुलिस ने जानकारी दी कि स्कूलों में बम की सूचना फर्जी थी। पुलिस के मुताबिक, सभी स्कूलों में अच्छे से चेकिंग कर ली गई है, लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस ने संभावना जताई है कि आरोपियों ने डार्क नेट के जरिए ये मेल भेजा है, ताकि उनकी पहचान न हो सके। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ये धमकी एक ही ई-मेल से भेजी गई है। यह ई-मेल रूसी सर्वर से सुबह 5: 36 बजे भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि हर मेल का कंटेंट एक ही जैसा था ओर इसे sawariim@mail.ru मेल आईडी से भेजा गया था। 100 स्कूलों को भेजा मेल- डीपीएस द्वारका, डीपीएस वसंत कुंज, डीपीएस नोएडा, डीपीएस रोहिणी, ग्रीन वैली नजफगढ़, DAV पीतमपुरा, मदर मैरी स्कूल मयूर विहार, संस्कृति स्कूल, DAV साउथ वेस्ट और एमिटी साकेत के नाम सामने आए हैं।

#### पुलिस बोली- ईमेल आईडी में लिखा शब्द इस्लामिक स्टेट इस्तेमाल करता है

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि जिस ईमेल के जरिए स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसमें स्वरायम शब्द शामिल है, जो कि अरबी शब्द है। इस शब्द को इस्लामिक स्टेट 2014 से इस्तेमाल कर रहा है। इस शब्द का मतलब है तलवारों का टकराना।

बम की सूचना को लेकर गृह मंत्रालय ने सुबह कहा था- घबराने की जरूरत नहीं है। सुरक्षा एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। प्रोटोकॉल के तहत एक्शन लिया जा रहा है। यह झूठी धमकी हो सकती है।स्कूलों को भेजा गया है। साइबर सेल के मुताबिक, सर्वर रूसी था।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- बिना रस्मों के हिंदू विवाह मान्य नहीं

### ये नाचने-गाने और खाने-पीने का इवेंट नहीं, न व्यापारिक लेन-देन है



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हिंदू विवाह कोई नाचने-गाने या खाने-पीने का मौका भर नहीं है। न ये कोई व्यापारिक लेन-देन है। जब तक इसमें रस्में नहीं निभाई जातीं, तब तक इसे हिंदू मैरिज एक्ट के तहत वैध नहीं माना जा सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और एक धार्मिक उत्सव है, जिसे भारतीय समाज के अहम संस्थान का दर्जा दिया जाना जरूरी है।

कोर्ट ने यह बात दो कॉमर्शियल पायलट्स के तलाक के मामले की सुनवाई के दौरान कही, जिन्होंने वैध हिंदू विवाह सेरेमनी नहीं की थी। इन कमेंट्स के साथ बेंच ने संविधान के आर्टिकल 142 का हवाला देते हुए कहा कि दोनों पायलट्स कानून के मुताबिक शादीशुदा नहीं हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने उनके मैरिज सर्टिफिकेट को रद्द करार दे दिया।

# सलमान के घर फायरिंग केस के आरोपी ने आत्महत्या की

### 6 दिन से मुंबई क्राइम ब्रांच की कस्टडी में था, चादर से फांसी लगाई

सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वालों को हथियार देने के आरोपी अनुज थापन ने मुंबई पुलिस की कस्टडी में बुधवार को आत्महत्या कर ली। आरोपी ने मुंबई पुलिस हेडक्वार्टर के टॉयलेट में चादर से फांसी लगाई।

पुलिस को 11 बजे सुबह फांसी की जानकारी मिली। हालांकि आरोपी अनुज के सुसाइड के समय की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। उसको बेहद गंभीर हालत में सुबह पहले नजदीकी जी.टी. हॉस्पिटल ले जाया गया था। उस अस्पताल के डॉक्टर्स ने अनुज को सीएसएमटी स्थित सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल रेफर कर किया था, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी अनुज थापन के सुसाइड की जांच राज्य की सीआईडी को सौंपी गई।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने फायरिंग केस में 25 अप्रैल को अनुज (32) और सुभाष चंदर (37) को पंजाब से हिरासत में लिया था। दोनों ने इस घटना के लिए हथियार मुहैया कराए थे।

**सेक्स स्कैंडल**

### प्रज्वल का पोस्ट- मैं बेंगलुरु में नहीं हूं, सीआईडी को बता दिया; सच्चाई जल्द सामने आएगी

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को नोटिस

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में आरोपी पूर्व पीएम देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मंगलवार को नोटिस जारी किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों को जांच के लिए एसआईटी के सामने पेश होने को कहा गया है। हालांकि, पेश होने की तारीख अभी तक सामने नहीं आई है।

हसन से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने सोशल मीडिया पर लिखा- चूंकि मैं पूछताछ में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के माध्यम से सीआईडी बेंगलुरु को सूचित कर दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

दोनों नेताओं के खिलाफ उनकी मेड ने यौन शोषण की एफआईआर दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा वीडियो वायरल हैं। दावा है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

मामले की जांच के लिए कर्नाटक के पीएम सिद्धारमैया की तरफ से एसआइटी गठित की गई है। इसका नेतृत्व एडीजीपी वीके सिंह कर रहे हैं। DG CID डी पेन्नेकर और आईपीएस



सीमा लाटकर भी एसआइटी में शामिल हैं।

#### एसआइटी जांच तक प्रज्वल पार्टी से सस्पेंड

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रज्वल के चाचा एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को जनता दल (सेक्युलर) कोर कमेटी की बेंगलुरु में मीटिंग की। इसमें प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। प्रज्वल हासन से पार्टी के मौजूदा सांसद और लोकसभा के कैंडिडेट भी हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए।

कुमारस्वामी ने कहा प्रज्वल का सस्पेंशन एसआईटी जांच पूरी होने तक है। मैंने गलत करने वाले का कभी बचाव नहीं किया, लेकिन इस विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का नाम लेना गलत है। कांग्रेस हमारे परिवार में फूट डालने की कोशिश कर रही है।

#### सेक्स स्कैंडल के केस में प्रियंका गांधी ने पीएम से सवाल पूछा

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- जिस नेता के कंधे पर हाथ रखकर पीएम फोटो खिंचवाते हैं। जिस नेता का चुनाव प्रचार करने 10 दिन पहले खुद जाते हैं। मंच पर उसकी तारीफ करते हैं।

आज कर्नाटक का वह नेता देश से फरार है। उसके अपराधों के बारे में सुनकर ही दिल दहल जाता है। सैकड़ों महिलाओं का जीवन जिसने तहस-नहस कर डाला। मोदी जी क्या अब भी आप चुप रहेंगे?

# पत्थर खदान में बड़ा धमाका, चार की मौत, आठ घायल

विरुधुनगर । तमिलनाडु के दक्षिणी जिले के विरुधुनगर में बुधवार को एक निजी नीली धातु खदान के स्टोर रूम में बड़ा विस्फोट होने के कारण चार श्रमिकों की मौत हो गई और अन्य आठ गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि विस्फोट करियापट्टी के पास आवियूर गांव में हुआ जब श्रमिकों का एक समूह जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर जैसे विस्फोटकों को एक लोड वैन से स्टोर रूम में उतार रहे थे।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि शव इतने क्षत-विक्षत हो गए हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है।

तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग और बम जांच एवं निपटान दस्ते (बीडीडीएस) के कर्मी बचाव अभियान बिना फटे विस्फोटकों को हटाने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गये हैं।

विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के गांवों के लोगों ने हल्के झटके महसूस करने की शिकायत की और कुछ घरों की दीवारों में दरारें भी आ गईं।

आवियुर गांव के निवासियों ने खदान को तत्काल बंद करने की मांग को लेकर व्यस्त मदुरै-थूथुकुडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन कर रहे है।



## हैप्पी मॉर्निंग

संता के हाथ में नया फोन देखकर बंता बोला- नया फोन कब खरीदा?
संता - नया नहीं, गर्लफ्रेंड का है।
बंता - गर्लफ्रेंड का फोन क्यूं ले आया?
संता- रोज कहती थी मेरा फोन नहीं उठाते, आज मौका मिला तो उठा लाया।



## शायरी

मौत एक बार जब आना है तो
डरना क्या है!
हम इसे खेल ही समझा किये
मरना

## अर्थसार

सेंसेक्स:
74,482.78
-188.50 (0.25%)
निफ्टी:
22,604.85
-38.55

## मौसम

अधिकतम : 36 डिग्री से0
न्यूनतम : 21 डिग्री से
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 56
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 28

# उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

### आचार्य और सेवादार के खिलाफ एफआईआर; आरोपी ने 7 महीने पहले रेप पीड़ित की मदद की थी

एजेंसी

उज्जैन। उज्जैन के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों के यौन शोषण का आरोप लगा है। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे एफआईआर दर्ज की गई। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया। सेवादार फरार है। शहर के बड़नगर रोड स्थित दंडी आश्रम 30 साल पुराना है। यहां तीन किशोरों का यौन शोषण होने की जानकारी सामने आई। इस पर पेरेंट्स ने मंगलवार शाम को बैठक की। इस बैठक में पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई।

#### अभिभावकों ने की बैठक, बच्चों ने बताई करतूत

आश्रम संचालक गजानंद सरस्वती ने बताया कि चैत्र की नवरात्र के समय कुछ पेरेंट्स ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। शिकायत करने वाले बच्चे एक के बाद एक सामने आने लगे। इसके बाद पेरेंट्स ने वॉट्सऐप पर ग्रुप बनाकर 30 अप्रैल को सभी से आश्रम आने को कहा। मंगलवार को हुई बैठक में 20 से अधिक बच्चों के पेरेंट्स आए थे। इनके बच्चों ने सेवादार अजय की शिकायत की थी। बैठक में एक-एककर बच्चों को बुलाकर अजय के बारे में जानकारी ली, लेकिन इसी दौरान एक बच्चे ने रोते हुए आचार्य राहुल शर्मा का नाम भी लिया। इसके बाद बच्चों के माता-पिता और भड़क गए। राजगढ़, मंदसौर और देवास जिले के किशोरों ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिन से अजय ठाकुर और राहुल शर्मा उनका यौन शोषण कर रहे थे। दोनों उन्हें अपने कमरे में बुलाते थे।


# बहराइच में नहर में डूबने से चार बच्चों की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र में स्थित नहर में बुधवार को स्नान के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नानपारा अंतर्गत गिरधरपुर गांव के निकट नहर स्थित है। नहर में इस समय पानी भरा हुआ है। बुधवार की दोपहर को गर्मी अधिक होने पर गांव निवासी आंचल (12) पुत्री शोभाराम, चोइनी (10) पुत्र श्रवण, राहुल (13) पुत्र सागर और माही (14) पुत्र सदबरन स्नान करने के गए। सभी स्नान कर रहे थे। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से सभी बच्चे पानी में डूब गए।

कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की तो नहर के निकट कपड़े और चप्पल मिले। जिस पर सभी ने नहर में खोजबीन शुरू की।

ग्रामीणों की मदद से नहर से आंचल, चोईनी और राहुल का शव बरामद कर लिया गया जबकि माही का कुछ पता नहीं चल सका है। गोताखोरों के अथक प्रयास के बाद देर शाम उसका शव मिल गया।

# रेवन्ना के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत

यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, मगर चिंताजनक बात यह है कि एक व्यक्ति खुद सांसद रहते हुए ऐसा वीभत्स कृत्य कर रहा था।

सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का आचरण बहुत मायने रखता है। मगर विचित्र है कि बहुत सारे राजनेता इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते। कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं।

उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं। इस बार रेवन्ना भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे।

इसलिए विपक्षी दलों ने न केवल जद (सेकु), बल्कि भाजपा और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधना शुरू कर दिया है। इस राजनीतिक विवाद के बीच जद (सेकु) की कोर समिति ने रेवन्ना को पार्टी से निलंबित कर दिया है। मगर लगता नहीं कि इतने भर से जद (सेकु) और भाजपा को कोई राहत मिलने वाली है, क्योंकि रेवन्ना पर लगे आरोप बहुत गंभीर और महिलाओं के सम्मान से जुड़े हैं।

हालांकि रेवन्ना ने सार्वजनिक हुए सारे वीडियो को फर्जी और साजिश के तहत तैयार किया बताया है। बताया जा रहा है कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ये वीडियो पेन ड्राइव में भर कर बड़ी तेजी से लोगों के बीच फैलाए जाने लगे। मगर मामले पर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम तब उठाया गया जब रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक अधेड़ सहायिका ने उसके और उसके पिता के खिलाफ आरोप लगाया। प्रज्वल रेवन्ना के पिता भी जद (सेकु) से विधायक हैं।

हालांकि इन मामलों के बारे में जानकारी लोगों को बहुत पहले से थी। भाजपा के एक नेता ने तो कहा है कि उन्हें एक वर्ष पहले ही ये वीडियो उपलब्ध हो गए थे और उन्होंने रेवन्ना को चुनावी टिकट देने से केंद्रीय समिति को रोका था, मगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। यह भी जानकारी आई है कि रेवन्ना खुद करीब एक वर्ष पहले इसी मामले में अदालत से स्थगन आदेश ले आए थे।

यानी मामला बिल्कुल ताजा नहीं है। हैरानी की बात है कि न केवल इस प्रकरण को दबा-छिपा कर रखा गया, बल्कि रेवन्ना को फिर से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया गया।

यह बेहद भयावह है कि रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। घरेलू सहायिकाओं, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर हर तरह की महिलाओं का यौन शोषण किया। वे खुद इसलिए अपनी घिनौनी हरकत का वीडियो बनाते थे, ताकि उनके आधार पर वे उन महिलाओं को डरा-धमका कर चुप रहने को बाध्य कर सकें। हालांकि यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, मगर चिंताजनक बात यह है कि एक व्यक्ति खुद सांसद रहते हुए ऐसा वीभत्स कृत्य कर रहा था।

राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते नहीं थकते, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आने लगता है, तो उसे बचाने या ढंक-छिपा कर रखने का प्रयास करने लगते हैं। अब देखना है कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती तथा रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# दुनिया में भूख से जंग जारी

**मनोज कुमार अग्रवाल**

इक्कीसवीं सदी में जहां दुनिया विज्ञान और विकास के बड़े प्रतिमान गढ़ रही है इस के बावजूद दुनिया के देश लाख तरक्की का दावा करें लेकिन आज भी दुनिया की एक बड़ी आबादी की पहली समस्या दो जून का भरपेट भोजन है जो लाख कोशिश करने के बाद भी सबको मयस्सर नही होता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी %ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस% रिपोर्ट 2023 जारी की है। इस रिपोर्ट में जानकारी देते हुए कहा है कि विश्व के 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो अनुसार अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवें चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं। इसी के साथ उनके अकाल का सामना करने के लिए मजबूर होने का दौर भी शुरू हो सकता है। साथ ही 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 5,77,000 अकेले गाजा में हैं। संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।

2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में, 2023 त ॥ढ्ढ स्कोर की गणना करने के लिए पर्याप्त डेटा के साथ भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है ।2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है ।

संयुक्त राष्ट्र की उपरोक्त रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए दुनिया के सभी सम्पन्न देशों समेत हम भारतीयों को खाद्य पदार्थों के प्रति अधिक सतर्क होने की आवश्यकता है। विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, यहां पर आज खाद्यान्न पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लेकिन विश्व स्तर पर जहां करोड़ों लोग भूख के कारण परेशानी भुगत रहे हैं उनको मद्देनजर रखते हुए हमें अन्न व खाद्य पदार्थों की बर्बादी को गंभीरता से रोकने की आवश्यकता है। विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, यहां पर आज खाद्यान्न पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लेकिन विश्व स्तर पर जहां करोड़ों लोग भूख के कारण तड़पने को मजबूर हैं, वहीं करोड़ों भारतीयों को भी बड़ी मुश्किल से एक वक्त का खाना मिलता है। स्थिति और विकट हो सकती थी अगर भारत सरकार 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन न देती ।शर्मनाक बात यह है कि कुछ ऐसे लोग भी जरूरत नहीं होने के बावजूद राशन का अन्न लेने में सफल हो जाते है जिन्हें जरूरत नहीं है फिर इस मुफ्त मिले अनाज ले लेते हैं और फिर उस का दुरुपयोग करते हैं।

भारत में खाद्यान्न उत्पाद को सुरक्षित रखने के लिए पूरे गोदाम भी उपलब्ध नहीं, इस कारण भारी मात्रा में अनाज खुले में रखने पड़ते हैं, जिस कारण काफी बर्बादी होती है इस के अलावा सरकारी अनाज के भंडारण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी व लापरवाही हैं सैकड़ों हजारों टन अनाज खेतों और सरकारी गोदामों में चूहे चटट कर जाते हैं वहीं हजारों टन सही रखरखाव के अभाव में नष्ट हो जाता है । वहीं अन्न की बर्बादी का एक बड़ी दूसरी वजह शादी-विवाह तथा अन्य आयोजन अवसरों पर आवश्यकता से कहीं अधिक मात्रा में भोजन तैयार करने विभिन्न वैरायटी बनाने के कारण कई बार बहुत अधिक भोजन बेकार बच जाता है। इस के साथ ही जरूरत से अधिक भोजन परोसने से जूठन के रूप में भी काफी मात्रा में अन्न की बर्बादी होती है। समृद्ध परिवारों में भी अन्न की बर्बादी होना एक आम बात है। जिस तरह भारत की तथा विश्व की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है उससे स्पष्ट है कि जन साधारण के लिए पेट भरने की समस्या भी बढ़ती चली जाएगी। अन्न का उत्पादन धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अन्न तथा अन्य खाद्य पदार्थों की बर्बादी पर अंकुश लगाना होगा।

अन्न व अन्य खाद्य पदार्थों की बर्बादी मानवता के प्रति अपराध है। खाद्य पदार्थों को बर्बाद होने से रोकना इस प्रकार से उत्पादन का दूसरा रूप ही है। शादी विवाह या पर्वों के समय खाद्य पदार्थों को बचाकर गरीबों में बांटें ।भोजन बैंक की योजना को विस्तार दिया जाए। सम्पन्न व समृद्ध परिवार भोजन की बर्बादी करना अपना अधिकार न मानें। हमें अपनी रोजाना की दिनचर्या में भोजन की बर्बादी रोक लगाने के लिए जूठन कम से कम छोड़ने व जरूरत के अनुसार भोजन मात्रा तैयार करने की आदत विकसित करनी होगी ।विश्व स्तर पर भूख के कारण तड़पते लोगों को हमेशा अपने दिलो-दिमाग में रखें और हर स्तर पर अन्न व अन्य खाद्य पदार्थों को बर्बाद होने से बचाने के लिए हर व्यक्ति, परिवार, संगठन समाज को अपने-अपने स्तर पर जागरूकता पैदा करनी चाहिएं। मानवता के प्रति हम सब की यह एक जिम्मेवारी है जिसे हर किसी को ईमानदारी से निभानी चाहिए।

# एशिया में जलवायु परिवर्तन का गहराता प्रभाव

**जीवकांत झा**

एशिया में जलवायु परिवर्तन पर विश्व मौसम विज्ञान संगठन की हालिया रिपोर्ट ने एक कठोर वास्तविकता का खुलासा किया है- यह महाद्वीप विश्व औसत से भी अधिक गंभीर रूप से ग्लोबल वार्मिंग का खामियाजा भुगत रहा है। अभूतपूर्व गर्मी की लहरों से लेकर विनाशकारी बाढ़ तक, यह क्षेत्र असंख्य चुनौतियों का सामना कर रहा है जो जीवन, आजीविका और पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डालती हैं। यह लेख एशिया में जलवायु परिवर्तन के बहुमुखी प्रभावों पर गहराई से प्रकाश डालता है, सामाजिक-आर्थिक प्रभावों, पर्यावरणीय गिरावट और सामूहिक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता की खोज करता है।

जलवायु परिवर्तन के प्रति एशिया की संवेदनशीलता WMO रिपोर्ट में उल्लिखित चौंका देने वाले आंकड़ों से स्पष्ट है। अकेले 2023 में, महाद्वीप में रिकॉर्ड तोड़ तापमान देखा गया, कई देशों ने अपना अब तक का उच्चतम तापमान दर्ज किया। परिणाम विनाशकारी थे, लाखों लोग बाढ़, तूफान और सूखे से प्रभावित हुए। मारे गए लोगों और आर्थिक नुकसान सहित मानव टोल, क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करता है।

जलवायु परिवर्तन की मानवीय लागत को कम करके नहीं आंका जा सकता। संख्या से परे, हानि, पीड़ा और विस्थापन की कहानियाँ भी हैं। उदाहरण के लिए, भारत में लू ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली, जबकि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन ने कहर बरपाया। इन घटनाओं के परिणामस्वरूप न केवल तत्काल जनहानि होती है, बल्कि समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं में भी बाधा आती है, जिससे कमजोर आबादी गरीबी में चली जाती है।

एशिया में जलवायु परिवर्तन का आर्थिक परिणाम चौंका देने वाला है। कृषि घाटे से लेकर बुनियादी ढाँचे की क्षति तक, वित्तीय क्षति बहुत अधिक है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट का अनुमान है कि अकेले चीन और भारत को 2023 में बाढ़, सूखे और अन्य जलवायु-संबंधी आपदाओं के कारण अरबों डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। ये नुकसान न केवल राष्ट्रीय बजट पर दबाव डालते हैं, बल्कि असमानताओं को भी बढ़ाते हैं, जिससे हाशिए पर रहने वाले समुदायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

जलवायु परिवर्तन का असर एशिया के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र पर भी पड़ रहा है। ग्लेशियर, जो लाखों लोगों के लिए पानी के महत्वपूर्ण स्रोत हैं, चिंताजनक दर से घट रहे हैं। ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से न केवल जल सुरक्षा को खतरा है, बल्कि हिमनद झील विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ) का खतरा भी बढ़ जाता है, जो डाउनस्ट्रीम समुदायों के लिए सीधा खतरा पैदा करता है। इसके अलावा, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्र का गर्म तापमान प्रवाल भित्तियों और समुद्री आवासों के विनाश में योगदान दे रहा है, जिससे समुद्री जैव विविधता और तटीय समुदाय खतरे में पड़ रहे हैं।

एशिया में जलवायु परिवर्तन से निपटने में सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक प्रभावी आपदा प्रबंधन है। जबकि कुछ देशों ने प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों और आपदा तैयारियों में प्रगति की है, कई अन्य पीछे हैं। WMO की रिपोर्ट जलवायु संबंधी आपदाओं के प्रभावों को कम करने के लिए बेहतर समन्वय, क्षमता-निर्माण और लचीलापन-निर्माण उपायों में निवेश की आवश्यकता पर जोर देती है। पर्याप्त तैयारी और प्रतिक्रिया तंत्र के बिना, समुदाय जलवायु परिवर्तन से प्रेरित आपदाओं का खामियाजा भुगतते रहेंगे।

जलवायु परिवर्तन मौजूदा सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को बढ़ाता है, देशों के भीतर और देशों के बीच असमानताओं को गहराता है। सबसे गरीब और सबसे कमजोर समुदाय, जिनके पास अक्सर संसाधनों और बुनियादी ढांचे तक पहुंच की कमी होती है, जलवायु संबंधी आपदाओं से असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, महिलाएं, बच्चे और हाशिए पर रहने वाले समूह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का खामियाजा भुगत रहे हैं, उन्हें खाद्य असुरक्षा, विस्थापन और बीमारी के बढ़ते जोखिम का सामना करना पड़ रहा है।

जलवायु संकट से निपटने के लिए सभी स्तरों पर सरकारों, नीति निर्माताओं और हितधारकों के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

हालाँकि कुछ देशों ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए कदम उठाए हैं, लेकिन प्रगति असमान बनी हुई है। प्रभावी नीतियों और विनियमों के साथ राजनीतिक इच्छाशक्ति, कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति लचीलापन बनाने में महत्वपूर्ण है।

# टाईम पास

## आधुनिक तकनीक का दुरुपयोग

आधुनिक तकनीक ने हमारे जीवन को कई दृष्टियों से आसान और सुगम बना दिया है। इसके माध्यम से हम अपने कार्यों को तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते हैं। हालाँकि, इस तकनीकी प्रगति ने कई चुनौतियों और खतरों को भी जन्म दिया है। आधुनिक तकनीक का दुरुपयोग समाज और व्यक्तियों के लिए गंभीर समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है।

### साइबर अपराध

साइबर अपराध आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग का एक प्रमुख पहलू है। हैकिंग, फ़िशिंग, डेटा चोरी, और रैंसमवेयर जैसे साइबर अपराध व्यक्तिगत और व्यावसायिक जानकारी को खतरे में डालते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय नुकसान और व्यक्तिगत गोपनीयता का उल्लंघन होता है। इन अपराधों का सामना करने के लिए साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना आवश्यक है।

### सोशल मीडिया का दुरुपयोग

सोशल मीडिया आधुनिक तकनीक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज में नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। झूठी खबरें, अफवाहें, और भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल सकती हैं, जिससे समाज में तनाव और विभाजन उत्पन्न हो सकता है। इसके अलावा, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएँ भी बढ़ रही हैं, जो व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती हैं।

### डिजिटल गोपनीयता का उल्लंघन

आधुनिक तकनीक के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी का संग्रह और उपयोग बहुत आसान हो गया है। कंपनियाँ और संस्थान व्यक्तिगत डेटा का उपयोग विज्ञापन और बाजार अनुसंधान के लिए कर सकते हैं, जिससे गोपनीयता का उल्लंघन होता है। व्यक्तिगत जानकारी का गलत उपयोग गंभीर सुरक्षा समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन तकनीकों ने कई उद्योगों में प्रभावीता और उत्पादन में वृद्धि की है। लेकिन इन तकनीकों का दुरुपयोग बेरोजगारी और असमानता को बढ़ा सकता है। जब मशीनें इंसानों की जगह लेती हैं, तो नौकरी के अवसर घट सकते हैं और सामाजिक असमानता बढ़ सकती है।


### चाइल्ड पोर्नोग्राफी और मानव तस्करी

इंटरनेट के माध्यम से चाइल्ड पोर्नोग्राफी और मानव तस्करी जैसे अपराध बढ़ रहे हैं। इन घृणित गतिविधियों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त कानून और निगरानी की आवश्यकता है।

### तकनीक का दुरुपयोग मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव


आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग का प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर भी देखा जा सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों की समस्या, गर्दन और पीठ दर्द, और नींद की कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जैसे कि तनाव और अवसाद।
आधुनिक तकनीक के अत्यधिक उपयोग से निजी जीवन और संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, और अन्य तकनीकी उपकरणों के कारण व्यक्तिगत बातचीत में कमी आ सकती है, जिससे परिवार और दोस्तों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

## काकुरो पहेली - 3169




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो -3168 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- 'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'

इस पर नौकरानी बोली-'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला-'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'

दूसरा-'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'

तीसरा-'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

□ □ □

प्रेमिका बोली, ''मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.''

प्रेमी बोला, ''तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.''

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्‌घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा-''भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.''

## फिल्म वर्ग पहेली - 3169



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०. संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3168



## सूडोकु -3169


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3168 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## शब्द पहेली - 3169



**बाएँ से दाएँ**

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली -3168 का हल



# डीपीएस को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल आने के बाद स्कूलों से बच्चों को भेजा गया घर, अभिभावकों को इमरजेंसी मैसेज जारी

नोएडा। नोएडा के डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी ईमेल के जरिए आई है। सावधानी के तौर पर नोएडा के सेक्टर 30 के डीपीएस और सेक्टर 122 के डीपीएस को खाली कराया गया है। यहां से बच्चों को घर भेज दिया गया है। मौके पर पुलिस, बम और डॉग स्क्वायड है। पूरे स्कूल की जांच पड़ताल की जा रही है।

पुलिस स्कूल स्टाफ की मदद से सभी बच्चों को उनके घर भेज रही है। इसमें काफी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं।



### इमरजेंसी स्थिति में स्कूल की छुट्टी

नोएडा में दिल्ली पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल मिला है। प्रिंसिपल ऑफिस ने बताया, धमकी भरा ईमेल मिला, जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। सावधानी के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। धमकी भरी सूचना मिलने के बाद सेक्टर 122 स्थित डीपीएस स्कूल को भी मैनेजमेंट ने बंद कर दिया है। स्कूल ने बच्चों को घर पर वापस लौटाया। स्कूल की ओर पेरेंट्स को मैसेज सर्कुलेट किया गया और बताया कि इमरजेंसी स्थिति में स्कूल की छुट्टी की गई है।

राजधानी दिल्ली के स्कूलों में भी इस तरह बम की खबर मिलने के बाद पूरे पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार जिन तीन स्कूलों में बम की धमकी मिली, उनमें बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। ये स्कूल मयूर विहार, द्वारका और चाणक्य पुरी में है। तीनों ही जगह सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है।

अभी तक कहीं से भी कुछ नहीं मिला है। मयूर विहार स्थित मदर मेरी में भी बम की सूचना के बाद स्टूडेंट को वापस घर लौटा दिया गया। बताया जा रहा है की मदर मेरी स्कूल में बच्चों के टेस्ट भी चल रहे। इसके अलावा डीपीएस द्वारका और संस्कृति चाणक्य पुरी में भी बम की कॉल के बाद स्कूल की छुट्टी कर दी गई है।

# प्राधिकरण की लापरवाही, गौर सिटी में पानी की किल्लत

समस्याओं का शहर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की कई सारी हाउसिंग सोसाइटी में पानी की किल्लत पैदा हो गई। गौर सिटी 12 एवेन्यू में मंगलवार से पानी की समस्या है। पानी की वजह से हाहाकार मचा हुआ है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कमी से ऐसा हाल हुआ है।

उसके बावजूद प्राधिकरण ठीक से ध्यान नहीं दे रहा है। एक नहीं बल्कि काफी सोसाइटी में पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी में स्थित 12 एवेन्यू में रहने वाले राकेश रंजन ने बताया कि मंगलवार से पानी की समस्या पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से जो पानी की सप्लाई होती है, उसमें कमी है। सोसाइटी में करीब 1300 परिवार रहते हैं। पानी का प्रेशर काफी कम होने की वजह से लोगों को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि शिकायत के बावजूद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा ठीक से काम नहीं किया जाता। पानी की सप्लाई प्राधिकरण के द्वारा करवाई जाती है। फिलहाल बाहर से पानी मंगवाया जा रहा है। वैसे तो प्राधिकरण को पानी के टैंकर भिजवाने चाहिए, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी मजे ले रहे हैं और निवासी परेशान है।

लिहाजा, बाहर से आने वाले पानी के पैसे निवासी दे रहे हैं। प्राधिकरण की लापरवाही से सैकड़ों परिवार परेशान हो गए हैं। पानी की समस्या ग्रेटर नोएडा वेस्ट की काफी हाउसिंग सोसाइटी में है।

# 15 हजार करोड़ का जीएसटी फ्रॉड : तीन अरबपति कारोबारी गिरफ्तार

नोएडा । नोएडा कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने 15 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के जीएसटी फ्रॉड के मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन अरबपति कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक कई अरबपति कारोबारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार, 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी फर्जीवाड़े में तीन अरबपति कारोबारी गिरफ्तार हुए हैं। इनके पास से छह लग्जरी गाड़ी, सात मोबाइल और लैपटॉप बरामद किए गए हैं।

तीनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था। तीनों कारोबारी बीते नौ माह से फरार चल रहे थे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सीआरटी और सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने कार्रवाई की है। कई अन्य अरबपति भी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं।

इससे पहले, 10 अप्रैल को दिल्ली के तिलक नगर निवासी कारोबारी तुषार गुप्ता को उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया था। गिरोह सरगना तुषार ने फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेकर 24 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जीवाड़ा किया था।

जीएसटी फर्जीवाड़े में नोएडा पुलिस की ये 33वीं गिरफ्तारी थी। नोएडा पुलिस ने वर्ष 2023 में देशभर में चल रहे जीएसटी फ्रॉड का खुलासा किया था।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया था कि करोड़पति कारोबारी तुषार का दिल्ली समेत अन्य शहरों में मेटल और पैकेजिंग का कारोबार है। मामले में कोतवाली सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

तुषार को पहले जीएसटी की टीम भी गिरफ्तार कर चुकी है। दो माह तक जेल में रहने के बाद उसे जमानत मिल गई थी।

# पुलिस रडार पर गैंगस्टर कपिल की गर्लफ्रेंड

## सूरजमान हत्या की प्लानिंग में थी शामिल, 19 जनवरी को 3 बदमाशों ने मारी थी 5 गोली

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-104 के हाजीपुर बाजार में 19 जनवरी को हुई एयरलाइंस कर्मी सूरज मान की हत्या के मामले में नोएडा पुलिस अब पांच आरोपियों की संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी कर रही है। पांचों बीते कई महीने से फरार चल रहे हैं।

पांचों पर इसी सप्ताह नोएडा पुलिस 25-25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित करेगी। जिन आरोपियों की संपत्ति कुर्क होनी है उनमें दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर कपिल मान की गर्लफ्रेंड काजल खत्री भी शामिल हैं।

एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया, 19 जनवरी को बाइक सवार 3 बदमाशों ने कार में बैठे एयरलाइंस कर्मी सूरज मान को पांच गोली मारी थी।

जेल में बंद गैंगस्टर कपिल मान के इशारे पर वारदात को अंजाम दिया गया था। मृतक एयरलाइंस कर्मी सूरजमान दिल्ली के गैंगस्टर प्रवेश मान का सगा भाई था।



सौ गज प्लॉट को लेकर गैंगस्टर कपिल मान और प्रवेश मान के बीच बीते कई सालों से गैंगवार चल रही है। दोनों पक्ष से 5 लोगों की हत्या अब तक हो चुकी है। सूरज की हत्या भी गैंगवार का ही नतीजा थी।

हत्या के बाद पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर गैंगस्टर कपिल मान के भाई समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था।

वारदात के अगले ही दिन पुलिस ने कपिल मान के भाई धीरज मान समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य की गिरफ्तारी बाद में हुई।

इस मामले में नोएडा पुलिस ने बाद में कपिल मान के करीबी दिल्ली के खेड़ा खुर्द निवासी शक्ति मान, संजीत और हरजीत मान व कन्छावाला निवासी सोनू उर्फ विकास और रोहिणी निवासी काजल खत्री को भी आरोपी बनाया।

### कपिल की गर्लफ्रेंड ने हत्याकांड का बनाया था प्लान

पुलिस के मुताबिक काजल मंडोली जेल में बंद दिल्ली के गैंगस्टर कपिल मान की गर्लफ्रेंड। यही नहीं ऐप के जरिए काजल ने ही सूरजमान की हत्या के लिए प्लान बनाया था। इसके लिए वो शूटर व कपिल के से लगातार संपर्क में भी थी।

नोएडा पुलिस फरवरी में शूटर अब्दुल कादिर और कुलदीप को रिमांड पर दिल्ली जेल से लेकर आई थी।

पूछताछ में यह पुष्टि हुई है कि यह हत्या मंडोली जेल में बंद दिल्ली के खेड़ा खुर्द निवासी गैंगस्टर कपिल मान ने ही करवाई है।

### तीसरे शूटर की अब तक पहचान नहीं

सूरज मान हत्याकांड को अंजाम देने वाला तीसरा शूटर और मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है। बताया जा रहा है कि तीसरा शूटर लॉरेंस विश्नोई का काफी खास है। लॉरेंस उसे हमेशा छिपा कर रखता है।

इस मामले में शक्ति मान, संजीत, हरजीत मान, सोनू उर्फ विकास और काजल खत्री की प्रॉपर्टी कुर्क कराने की प्रक्रिया शुरू करवाई गई है। पांचों की चल और अचल संपत्ति की पहचान की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में छात्रा की सड़क हादसे में मौत

## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, घसीटते हुए ले गया; ग्रामीणों ने किया हंगामा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में बुधवार को एक सड़क हादसा हो गया। जहां पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार छात्रा को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई ।छात्रा की मौत होने के बाद ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने सभी को समझा बुझाकर छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दरसअल दादरी हनुमानपुरी की रहने वाली छात्रा मनेहा शाह (15) स्कूटी पर सवार होकर जारचा थाना क्षेत्र एनटीपीसी में स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में जा रही थी। जैसे ही वह पताड़ी गांव के पास पहुंची। इस दौरान रोड पार करते समय एक तेज रफ्तार ट्रक आया और उसने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह छात्रा को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया।



### मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही

जिससे छात्रा लहूलुहान हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। ट्रक को भी कब्जे में ले लिया। साथ ही लोगों को जैसे तैसे शान्त कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस के द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अश्लील फोटो भेजकर छात्रा से मांगी रंगदारी

नोएडा। साइबर अपराधी ने सॉफ्टवेयर के माध्यम से छात्रा की तस्वीर को अश्लील बनाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगी। युवती की शिकायत पर सेक्टर-126 पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-125 स्थित एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि उनके व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने उसकी एक फर्जी आईडी जेनरेट की और उसने युवती की अश्लील फोटो भेजी। यह फोटो सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार की गई थी। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत करने की बात की तो आरोपी ने उसे फोटो वायरल करने धमकी दी। इसके बाद उसने एक अन्य नंबर से व्हाट्सऐप पर मैसेज किया। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने गाली-गलौज कर उसे अपशब्द कहे। कई बार मना करने के बाद भी जब आरोपी नहीं माना तो छात्रा ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# रवि काना को गोदामों में लेकर पहुंची पुलिस

ग्रेटर नोएडा। स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना को बुधवार को थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने पांच दिन की रिमांड पर लिया। पुलिस ने रवि काना के कारोबार और उससे जुड़े लोगों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस रवि को बिसरख और ईकोटेक-1 स्थित उसके स्क्रैप गोदामों में लेकर पहुंची। मौके पर दस्तावेज खंगाले गए। रवि को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। बुधवार की सुबह 10 बजे थाना नॉलेज पार्क पुलिस लुक्सर स्थित जिला कारागार पहुंची। डॉक्टरी परीक्षण के बाद जिला कारागार ने रवि काना को पुलिस के सुपुर्द किया। इसके बाद पुलिस रवि काना को बिसरख और ईकोटेक-1 स्थित स्क्रैप गोदामों पर ले गई। रवि के खानपान को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है। गत 23 अप्रैल को रवि काना और उसकी महिला सहयोगी काजल झा को थाईलैंड में गिरफ्तार कर लिया गया था। 26 अप्रैल को दोनों को भारत लाया गया था। रवि के साथ-साथ पुलिस काजल झा की भी रिमांड हासिल करने की तैयारी कर रही है। काजल रवि की कंपनियों और गोदामों का फाइनेंस का काम देखती थी।

# लाखों के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

साहिबाबाद। पुलिस ने चेकिंग दौरान लाखों रुपये के गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के कब्जे से पुलिस ने 7 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांजे की आपूर्ति करने के लिए एक तस्कर क्षेत्र में घूम रहा है। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर ने पूछताछ में अपना नाम रफीक निवासी गाजीपुर दिल्ली बताया है।

# ढाबा मालिक के नाबालिग बेटे का अपहरण

ग्रेटर नोएडा। कार सवार आरोपियों ने ऐच्छर इलाके के ढाबा संचालक के नाबालिग बेटे का अपहरण कर लिया। बुधवार को हुई वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आरोपियों के साथ युवती भी दिखाई दे रही है। वहीं पुलिस का दावा है कि ढाबा संचालक का बेटा अपनी मर्जी से कार में बैठकर गया है। पुलिस उसे जल्द ढूंढ निकालने का दावा कर कर रही है।

पुलिस को दी जानकारी में थाना बीटा-2 क्षेत्र के शिवा ढाबा के संचालक ने कहा कि बुधवार को दोपहर में वह किसी काम से मार्केट गए थे। उस समय उसका 15 वर्षीय बेटा ढाबे पर बैठा हुआ था। दोपहर बाद स्कोडा कार में सवार कुछ लोग ढाबे पर आए। उन्होंने उसके बेटे को पास में बुलाया। आरोप है कि कार के पास जाते ही कार सवार आरोपियों ने उनके बेटे को धक्का देकर गाड़ी में बैठा लिया। इस काम में आरोपियों के साथ मौजूद एक युवती ने भी उनकी मदद कर रही थी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के इलाकों में बताई गई गाड़ी की तलाश शुरू कर दी। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी चेक की। पुलिस का दावा है के ढाबा संचालक का बेटा अपनी मर्जी से चला गया है। थाना बीटा-2 के प्रभारी का कहना है कि जिस सीसीटीवी में घटना के कैद होने की बात कही जा रही है हमने उसकी जांच की है। प्रथम दृष्टया देखने से यह लग रहा है कि किशोर खुद गाड़ी में बैठकर जा रहा है। मामले में सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।

# गाजियाबाद के दो स्कूलों में भी मिला धमकी भरा ईमेल

## पुलिस और बम-डॉग स्क्वायड मौके पर कर रहे हैं जांच, स्कूल बंद नहीं किया गया

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन के दिल्ली कान्वेंट स्कूल और थाना लिंक रोड के डीएवी सेंट्रल स्कूल को धमकी भरा मेल मिला है। इसके बाद मौके पर पुलिस के आला अधिकारी बम स्क्वायड पहुंचा है। सभी तरह की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि डरने की जरूरत नहीं है। फिलहाल पुलिस के मुताबिक स्कूल बंद नहीं किया गया है।

गाजियाबाद में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया की थाना लिंक रोड के चंदन नगर स्थित डीएवी सेंट्रल स्कूल को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। इसकी जानकारी स्कूल ने पुलिस को दी गई है। इसके बाद पुलिस और बम स्क्वायड मौके पर पहुंचा है। स्कूल के अंदर और बाहर छानबीन की जा रही है। फिलहाल स्कूल को बंद नहीं किया गया है।



वही एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया की थाना शालीमार गार्डन के दिल्ली कान्वेंट स्कूल को भी एक धमकी भरा मेल मिला है। उसके बाद मौके पर पुलिस और बम स्क्वायड है।

स्कूल के अंदर बाहर चेकिंग की जा रही है। किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

किसी भी तरह की अफवाह पर गौर करने की आवश्यकता नहीं है। फिलहाल यह स्कूल भी बंद नहीं किया गया है।

# नौ साल पहले लूटे थे 1200 रुपये, मिली आठ साल की सजा

**ग्रेटर नोएडा।** जिला अदालत ने नौ साल पहले 1200 रुपये लूटने वाले जहांगीराबाद, बुलंदशहर निवासी दीपक भाटी को आठ साल सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में अन्य चार दोषियों को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है।

पुलिस ने बताया कि वर्ष 2015 में थाना फेज-तीन क्षेत्र में आलोक से पांच बदमाशों ने 1200 रुपये और मोबाइल लूट लिया था। मामले में दीपक को



गिरफ्तार किया। अदालत में दीपक क खिलाफ चार्जशीट पेश की गई। सुनवाई के दौरान अदालत में पीड़ित आलोक और पुलिस की गवाही को अहम माना गया। पीड़ित ने अदालत में दीपक की शिनाख्त भी की।

# शार्ट न्यूज

## चौथी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

खोड़ा। आदर्शनगर कॉलोनी स्थित स्कूल की दीवार पर पुताई करने के दौरान युवक चौथी मंजिल से गिर गया। अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इन्कार करते हुए पुलिस को शिकायत नहीं दी है। परिजन युवक के शव को अपने गांव ले गए हैं। खोड़ा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी लोधी चौक के पास एक स्कूल है। स्कूल की तरफ से पुताई कराई जा रही है। स्कूल की चौथी मंजिल पर मोहम्मद रजी (25) निवासी ग्राम वेहता गोसाई थाना विलसी जिला बदायूं पुताई कर रहा था। अचानक चौथी मंजिल से रजी नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने स्कूल के स्टाफ और मालिक को सूचना दी। सूचना पाकर स्कूल का मालिक और स्टाफ मौके पर पहुंचा। उन्होंने रजी को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान उनको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आसपास के लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद परिजन रजी के शव को अपने गांव ले गए। कार्यवाहक एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि परिजनों ने मामले में शिकायत नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ससुर ने दामाद के पेट में चाकू मारकर किया घायल

इंदिरापुरम। कनावनी में विवाद के बाद ससुर ने अपने दामाद के पेट में चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। घायल युवक आकाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आकाश के पिता की शिकायत पर ससुर दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आकाश का अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना इंदिरापुरम के पुस्ता रोड पीपल वाली गली कनावनी में कृपाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आकाश अपने घर पर था। आकाश के घर पर आकाश की सास ममता, ससुर दीपक आए। किसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद के चलते गाली-गलौज और मारपीट होने लगी। मारपीट का विरोध करने पर ससुर दीपक ने आकाश पर चाकू से वार कर दिया। आकाश के पेट में चाकू लगा है। चाकू लगने पर आकाश लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। परिजनों ने आकाश को अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार को दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी घायल

नोएडा। सेक्टर-63 के जे ब्लॉक के पास अज्ञात ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। इस घटना में पति की मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी महिला को मामूली चोट आई। घायल महिला की शिकायत पर सेक्टर-63 पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।बिसरख निवासी शांति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को वह अपने पति अशोक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही थीं। जब वह जे ब्लॉक के पास पहुंचीं तो तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने बाइक में टक्कर मारकर अशोक और शांति को घायल कर दिया। अस्पताल ले जाते समय अशोक की मौत हो गई। अशोक के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई थी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक और वाहन की पहचान की जा सके।

## दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की कैद

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। दोषी को जुर्माना जमा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश/स्पेशल जज, पाक्सो एक्ट (प्रथम) विकास नागर ने की ।जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता जेपी भाटी ने बताया कि नोएडा फेज-2 क्षेत्र में चार नवंबर 2018 को पांच वर्षीय बच्ची के साथ आरोपी सुबोध दास ने दुष्कर्म किया। दोषी सुबोध मूलरूप से बिहार के मुंगेर जिले के गांव सीता कुंड का रहने वाला है। पीड़िता के परिवार ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी सुबोध को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। केस की सुनवाई के दौरान कुल नौ गवाह पेश हुए। अदालत ने सुनवाई के दौरान मेडिकल रिपोर्ट को अहम माना। मेडिकल रिपोर्ट और जांच अधिकारी की गवाही के आधार पर न्यायालय ने सुबोध को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

## वकील और सरकारी डॉक्टर पर फर्जी मेडिकल मामले में केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा। न्यायालय के आदेश पर सूरजपुर पुलिस ने फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर पड़ोसी अधिवक्ता और उनके परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने के मामले में वकील और सरकारी डॉक्टर, पांच नामजद और दो अज्ञात डॉक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।लखनावली गांव के रहने वाले अधिवक्ता सुनील चपराना ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके बच्चे का पड़ोसी के बच्चे के साथ स्कूल बस में झगड़ा हो गया था। इसी बात को लेकर उनके पड़ोसी वकील सुनील फागना ने सुनील चपराना और उनके बुजुर्ग पिता और दो परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टरों से साठगांठ कर अपनी नाबालिग भतीजी की पसली टुटने का मेडिकल बनवाकर मुकदमा दर्ज कराया था। फर्जी मेडिकल की सच्चाई सबके सामने लाने के लिए अधिवक्ता सुनील चपराना ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को डॉक्टर अशोक और वकील सुनील फागना द्वारा फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने के बारे में शिकायत की। अधिकारियों के आदेश पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमेटी बनाकर पुन: जांच की गई, जिसमें पसली टुटने की बात झूठी निकली।

## इंजीनियर की महिला मित्र पर खुदकुशी के लिए उकसाने का केस

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की गौर सिटी वन सोसाइटी में रहने वाले इंजीनियर प्रशांत पांडेय की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। परिजनों का आरोप है कि महिला मित्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश के तहत प्रशांत पांडेय की हत्या करवाई। बिसरख पुलिस ने इंजीनियर के भाई की तहरीर पर आरोपी महिला मित्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है ।बिसरख पुलिस के मुताबिक गौर सिटी वन सोसाइटी में रहने वाले इंजीनियर प्रशांत पांडेय का शव आठ अप्रैल को उनके फ्लैट में पंखे से लटका मिला था। सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस की जांच में पता चला था कि इंजीनियर अपनी महिला मित्र के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। घटना के दिन दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद इंजीनियर ने खुदकुशी की। अब प्रशांत पांडेय के भाई प्रभास पांडे ने पुलिस से शिकायत की है कि वह अपने भाई के साथ रहने वाली महिला मित्र को नहीं जानते। उन्हें शक है कि आरोपी महिला मित्र ने अपने साथियों के साथ साजिश करके उनके भाई की हत्या करवाई। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर घटना खुलासा किया जाए।

## खाना बनाने के विवाद में महिला ने की आत्महत्या

ट्रांस हिंडन। झंडापुर गांव स्थित गली नंबर एक में किराए के मकान में रहने वाली महिला ने खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में आत्महत्या कर ली। पीड़िता ने भाई से फोन पर बात करने के दौरान पति द्वारा डांटने से नाराज होकर महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। देर रात हुई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।शाहजहांपुर निवासी पंकज झंडापुर गांव में किराए के मकान में पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। पंकज साहिबाबाद मंडी में मजदूरी करता है। मंगलवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे पंकज की पत्नी खाना बना रही थी, इसी दौरान वह अपने भाई से फोन पर बात करने लगी। खाना बनाते समय पत्नी रोली का अपने भाई से बात करना पंकज का नागवार गुजरा और उसने उसे डांटते हुए कहा कि पहले वह खाना बना ले और बाद में अपने भाई से बात करे। इसके बाद पंकज पत्नी को डांटने के बाद वहां से चला गया और जब वह आधा घंटे बाद वापस घर पहुंचा तो पत्नी फंदे से सहारे फंदे पर लटकी हुई मिली।

# भाजपा आईसीयू में, विदाई तय : अखिलेश

## भाजपा ने हमारे और आपके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर दिया

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की बड़ी जीत का दावा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईसीयू में है और चार जून को उसकी विदाई तय है।

मैनपुरी संसदीय सीट से सपा उम्मीदवार और पत्नी डिंपल यादव के समर्थन में इंडिया गठबंधन की एक सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि श्रमिक दिवस पर भारत में 83 प्रतिशत बेरोजगार हैं। भाजपा आईसीयू में जाएगी, मई में भाजपा का जाना तय है। अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो को लेकर एक सवाल पर उन्होने कहा रोड शो से कुछ



नहीं होता है, दस साल में जनता को कुछ शो किया नहीं है बल्कि गरीबी बेरोजगारी महंगाई दे दी है। आज एक मई है और इसी मई में भाजपा जाने वाली है।

उन्होने कहा आपने देखा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भाजपा ने चंदा वसूल लिया। 80 फीसदी जनता को यह वैक्सीन लगी है। आम जनता की जान खतरे में डाल दी। वैज्ञानिक और विशेषज्ञ कहते हैं कि इस वजह से न केवल हार्ट बल्कि और कुछ बीमारियां भी हो सकती है । इसका जवाब कौन देगा यह तो आचार संहिता से और बड़ा उल्लंघन भाजपा ने किया। भाजपा ने हमारे और आपके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर दी।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज मजदूर दिवस है और श्रम विभाग की रिपोर्ट कहती है कि देश में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं, किसान दुखी है नौजवान के हाथ में रोजगार नहीं है। वास्तव में भाजपा सरकार भरोसे के लायक नहीं है। इस सरकार ने अपने फैसलों से देश की जनता को संकट में डाला है। भाजपा सरकार के नोटबंदी, जीएसटी, इलेक्टोरल बांड लाने के फैसलों से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है।

सपा प्रमुख ने कहा जसवंतनगर की जनता ने मन बना लिया है। हर एक एक वोट सपा के पक्ष में पड़ने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां आए थे,वह गिनती भी उल्टी पढ़ते है। वो तो प्रसाद को चूरन समझते है। मुख्यमंत्री जब भी सदन में चाचा को देखते है तो घबरा जाते है। यहां जसवंतनगर मे वो वोट मांगने की औपचारिकता करके गए है। जब चाचा ने इलाज करने की ठान ली है तो वोट से कैसे इलाज करेंगे।

# वोटिंग के जरिये भाजपा को लगायें हार का इंजेक्शन : शिवपाल

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि जनता मतदान के जरिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हार का ऐसा इंजेक्शन लगाए कि उसका दर्द दिल्ली तक महसूस हो।

मैनपुरी संसदीय सीट से पार्टी उम्मीदवार डिंपल यादव के समर्थन में इटावा जिले के जसवंतनगर विधानसभा के रायनगर, बलरई ओर धनुआ गांव में जनसभाओं को संबोधित करते हुये उन्होने कहा भले ही मुख्यमंत्री उनके बारे में चूरन जैसे बयान दे रहे हो लेकिन वह यह क्यों भूल जाते हैं, मेरे जैसे चूरन ने कई बड़ी-बड़ी शक्तियों और कई लोगो का हाजमा भी दुरुस्त कर दिया है, इसलिए सभी सपाई एकजुट होकर भाजपा को ऐसा इंजेक्शन वोटिंग के जरिए लगाना जिसकी चीख दिल्ली तक सुनाई दे।

यादव ने कहा कि भाजपा के नेता बहुत ही घटिया स्तर पर उतर आए है। देश की जनता को भ्रमित करते हुए ऐसे निर्णय लिए हैं जिसका कोई लाभ आम जनमानस को नहीं हुआ है। भाजपा को झूठ और आम लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए जरूर याद रखें। भाजपा का झूठ बोलने में दुनिया में सानी नहीं है। केंद्र के 10 साल और उत्तर प्रदेश के 7 साल में केवल झूठ ही झूठ भाजपा ने बोला है। किसानो, बेरोजगारों, दलित और अन्य लोगों से किया गया एक भी वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया है।

# बांदा में प्रेमी-प्रेमिका ट्रेन के आगे कूदे

## दोनों के सिर धड़ से अलग हुए

बांदा। यूपी के बांदा में एक प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी है। ट्रेन से कटने की वजह से दोनों के सिर उनको धड़ से अलग हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना शहर कोतवाली के अवंती नगर रेलवे ट्रैक की है। जानकारी के अनुसार प्रेमिका की शादी उसके परिवार के लोगों ने जबरन करवा दी थी, जिसकी वजह से प्रेमी-प्रेमिका दोनों बहुत दुखी थे। शादी के बाद भी दोनों का मिलना जुलना जारी रहा और एक दिन प्रेमी-प्रेमिका घर से फरार हो गए और सूरत चले गए। इसके बाद लड़की का भाई सूरत पहुंच गया है और वहां से लड़की को वापस लाकर फिर से उसकी ससुराल भेज दिया। उसके बाद एक बार फिर प्रेमिका ससुराल से अपने प्रेमी के पास चली गई लेकिन फिर से उसे जबरन उसके ससुराल भेज दिया गया। इस बात को लेकर उसका ससुराल में विवाद भी हो गया। जिस बात से प्रेमिका बहुत दुखी थी। जिसके बाद 23 अप्रैल को प्रेमिका फिर से अपने ससुराल से लापता हो गई थी। बुधवार को दोनों ने सुसाइड कर लिया है।

### शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

ये मामला बांदा के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अवंती नगर के रेलवे ट्रैक का है। प्रेमिका की शादी 21 जनवरी 2024 को हुई थी। उसका नाम अर्चना था। वहीं प्रेमी का नाम राम स्वरूप था। राम स्वरूप ने इस बार पुलिस भर्ती का एग्जाम दिया था लेकिन एग्जाम रद्द होने के बाद वो सूरत काम करने चला गया था।

दोनों के परिवार के लोगों को मामले की जानकारी दे दी गई है। वो लोग मौके पर पहुंच गए हैं। हालांकि अभी वो लोग ज्यादा कुछ बोलने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रेमी-प्रेमिका के दोस्तों का कहना है, करीब 3 साल से दोनों का अफेयर चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे। दोनों के गांव भी पास में थे और जाति भी सेम थी। दोनों ही कुशवाहा थे लेकिन उसके बाद भी इनके परिवार के लोग इनकी शादी के लिए तैयार नहीं थे।

# कानपुर में शिक्षक भर्ती घोटाले में 2 पर एक्शन

## अपर शिक्षा निदेशक और संयुक्त शिक्षा निदेशक ने एक-एक बाबू को किया निलंबित

कानपुर। कानपुर में माध्यमिक शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में कार्रवाई का दौर अब शुरू हो गया है। प्रथम दृष्टया शिक्षकों की नियुक्ति से पहले उनका सत्यापन न करने वाले बाबुओं पर कार्रवाई की गई है।

अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र तिवारी ने डीआईओएस-2 वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार को और संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने डीआईओएस 1 प्रधान सहायक राजन टंडन को निलंबित कर दिया है।

अधिकारियों का कहना है, यदि सत्यापन किया जाता तो मामला वहीं पर पकड़ में आ जाता। आखिर इन लोगों ने सत्यापन क्यों नहीं किया? और किसके कहने पर बिना सत्यापन ही जॉइनिंग कराई? इस बिंदु पर जांच चल रही है।

### पहले बताते है क्या था पूरा मामला

20 अक्टूबर 2023 को डीआईओएस कानपुर कार्यालय को एडी माध्यमिक की ओर से एक मेल आया था। इस मेल में 9 शिक्षकों को तैनाती कराने का आदेश था। डीआईओएस कार्यालय से बिना शिक्षकों का सत्यापन किए दो शिक्षकों को तैनाती भी दे दी गई।

हालांकि बाकी की तैनाती की




प्रक्रिया चल रही थी। इसमें से एक शिक्षक को मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज तो दूसरी शिक्षिका को आर्य कन्या इंटर कॉलेज में तैनात कर दिया गया। आर्यकन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने डीआईओएस कार्यालय में लेटर लिखकर कहा कि मेरे यहां पर शिक्षक के लिए पद खाली नहीं है। इसके बाद भी एडी माध्यमिक की ओर से शिक्षक को भेजा गया है। इस पर जब यहां से छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि इस तरह का कोई भी पत्र कानपुर कार्यालय को एडी माध्यमिक द्वारा नहीं भेजा गया है। फिर वहीं से इस खेल का खुलासा हो गया।

### डीआईओएस कार्यालय से हुई लापरवाही

पूर्व डीआईओएस फतेह बहादुर सिंह के कार्यकाल के दौरान यह पत्र ई-मेल में पर आया था। इसके बाद वहां पर किसी ने भी शिक्षकों का सत्यापन करना उचित नहीं समझा। आखिरकार सवाल यह उठता है कि बिना सत्यापन उन्हें ज्वाइन कैसे कराया गया। अधिकारियों ने उस समय इस पर किसी को रोका क्यों नहीं। चर्चा यह भी है कि यह काम किसी बड़े अधिकारी के इशारे पर ही किया गया है।

### डीआईओएस ने कराई एफआईआर

डीआईओएस अरुण कुमार की तरफ से कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर बताया गया कि फर्जी ई-मेल आईडी के माध्यम से 9 शिक्षकों की भर्ती कराई गई है। असली जो मेल आईडी है वह admadhyamik@gamil.com है और जिस आईडी से मेल आयी है वह admadhamik®{@gamil.com है।

### शिक्षकों की तलाश में छापेमारी शुरू

कर्नलगंज पुलिस ने डीआईओएस अरुण कुमार की तहरीर पर वाराणसी की रिक्षा पांडेय, मिर्जापुर की विनीता देवी, प्रयागराज के विनय सिंह, मेरठ के विनीत चौधरी चौहान, सीतापुर के अरविंद सिंह यादव, प्रयागराज की स्वाति द्विवेदी, मिर्जापुर के आशीष कुमार पांडेय, मुजफ्फरनगर के नितिन कुमार, मेरठ की ज्योति यादव पर मुकदमा दर्ज किया है।

उनकी तलाश में पुलिस ने छापेमारी भी शुरू कर दी है। पुलिस शिक्षा विभाग की मदद से उनके दस्तावेज खंगाल रही है। हालांकि जिन शिक्षकों का मोबाइल नंबर पुलिस के हाथ लगा है वह सभी बंद जा रहे हैं।

### फर्जी मेल आईडी से ही खुलेगा राज

हालांकि जिस फर्जी मेल आईडी से डीआईओएस कार्यालय में 9 शिक्षकों की तैनाती के लिए पत्र भेजा गया था, वह आईडी अब ब्लॉक कर दी गई है। पुलिस उस मेल आईडी को बनाने वाले की तलाश कर रही है। पुलिस का मानना है कि मेल आईडी किसने बनाई और कहां से मेल की यह सब पता चलने के बाद मामले से पर्दाफाश हो सकेगा। इधर डीआईओएस अरुण कुमार का कहना है कि कर्नलगंज पुलिस को सारे दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं और भी जो उन्हें कागज की जरूरत पड़ेगी वह उपलब्ध कराए जाएंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने परखीं स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं

ललितपुर। झांसी, मण्डलायुक्त झाँसी व पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी द्वारा जनपद झाँसी के भोजला मण्डी स्थित स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा मानकों का लिया जायजा ।

स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा के साथ सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी के दिए निर्देश। मतगणना स्थल पर पर्याप्त बैरिकेडिंग तथा प्रकाश व्यवस्था व वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग दुरूस्त रखने के दिए निर्देश। मण्डलायुक्त झाँसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा जिलाधिकारी झाँसी अविनाश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस. व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत दिनांक 20 मई



2024 को झाँसी रेन्ज में होने वाले मतदान हेतु जनपद झाँसी के थाना सीपरी बाजार क्षेत्रान्तर्गत भोजला मण्डी में बनाये गये स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। डीआईजी द्वारा भोजला मण्डी स्थित स्ट्रॉग रूम व मतगणना स्थल पर पर्याप्त बैरिकेडिंग तथा प्रकाश व्यवस्था व्यवस्थाको दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये तथा मतगणना स्थल की त्रि-स्तरीय घेरे में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा हेतु फोर्स की शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर त्रिस्तरीय सुरक्षा के साथ सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे फुलप्रूफ निगरानी के निर्देश दिये गये ।इसके अतिरिक्त मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी के मूवमेंट, मतगणना स्थल तक पहुंचने के मार्गों, बिजली, सुरक्षा संबंधी, निकासी और पार्किंग व्यवस्था की आदि विभिन्न व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया गया। पोलिंग पार्टियों के ठहरने तथा सभी मूलभूत सुविधाऐं जैसे पानी, बिजली, रैम्प, शौचालय, फर्नीचर व छाया आदि की तैयारियों को चेक किया गया तथा व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

लोक सभा निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी डीजी परिपत्र व आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें ।

# गाजीपुर में फर्जी किन्नर गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार

गाजीपुर। गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर पुलिस ने ड्यूटी के दौरान पीआरडी जवान से मारपीट तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने व उन पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग मामले में कई फर्जी ट्रांसजेन्डर समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि उतरांव बाजार में 02 पीआरडी जवान रात्रि में गश्त कर रहे थे। तभी सामने से आ रही एक मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर टोका गया, तो मोटर साईकिल चालक व पीछे बैठे ट्रांसजेन्डर पीआरडी जवानों से बहस करने लगे व वापस चले गए। थोड़ी देर बाद मोटर साईकिल सवार अपने अन्य ट्रांसजेन्डर साथियों के साथ इकट्ठा आए और पीआरडी जवानों के सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी डण्डा से पीटने लगे।

मामले में मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू की गई। वांछित सुनील सिंह, किशन यादव को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अन्य वांछित प्रमोद पुत्र को घटना में प्रयुक्त देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों राहुल चौहान उर्फ नैना निवासी जनपद सोनभद्र, जितेन्द्र ठाकुर उर्फ पायल, लक्की उर्फ रानी निवासी जिला बलिया, राजू कुमार उर्फ पूजा, शरीफ उर्फ पलक निवासी गुजरात, पिन्टू गुप्ता उर्फ संध्या को भी गिरफ्तार किया गया।

# जनसमुदाय तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता प्राथमिकता है : डीएम



**ललितपुर।** प्लांट में गंदगी मिलने पर अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस। जल संस्थान की वाउण्ड्रीवाल के पास अवैध रूप से रखे ईंट, मोरम-वालू को जब्त कराने के निर्देश। जनपद में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु जिलाधिकारी ने ग्रीष्मकाल की शुरुआत से ही प्रयास करने प्रारंभ कर दिये हैं, जिसके तहत वे प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और प्रमुख विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित कर रहे हैं। 01 मई 2024 को जिलाधिकारी ने जल संस्थान डोड़ाघाट, तालाबपुरा स्थित समस्त पम्पिंग प्लान्ट एवं नझाई बाजार जलकल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट में गंदगी पायी गई, गुटके आदि के पाउच पड़े हुये मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संथान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनसमुदाय तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता प्राथमिकता है, इस हेतु गंभीरतापूर्वक कार्य करें, नियमित सफाई कर लोगों तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। उन्होंने पम्प हाउस, कैम्पस आदि की साफ-सफाई, जल संस्थान की वाउण्ड्रीवाल के किनारे अवैध रूप से रखे ईंट, मोरम-वालू आदि को जब्त कराने एवं पम्प-हाउसों पर तैनात कार्मिकों द्वारा लॉग-बुक भरे जाने के निर्देश दिये।

# युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

गाजीपुर। गाजीपुर में कनपटी से असलहा सटाकर गोली मारते हुए आत्महत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि नंदगंज थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव निवासी दीपक चौरसिया ने बुधवार अपने घर में बने टीन सेट में खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। उसके पिता बुद्धिराम चौरसिया ने थाने में तहरीर दिया गया है, कि उनका लड़का दीपक चौरसिया मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। जो बीच-बीच में खून की उल्टी भी करता था। जो बुधवार को मानसिक तनाव के कारण अपने मकान के पीछे लेकर तरफ स्थित टीन सेट के नीचे तमंचा से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। शव को पुलिस कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। सीओ बलराम ने बताया कि बुधवार को दीपक नामक युवक ने खुद को तमंचे से गोली मार कर आत्महत्या कर लिया।

# मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें : जिला निर्वाचन अधिकारी

**ललितपुर।** मतदाताओं से संवाद कर अधिक से अधिक मतदान हेतु की अपील मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को भ्रमणशील रहने के निर्देश। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सिविल लाइन (कम्पोजिट) नगर क्षेत्र, राजकीय आईटीआई एवं इंग्लिश मीडियम प्राईमरी स्कूल बैरवारा का निरीक्षण किया, साथ ही केन्द्रों में मौजूत भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया गया, तथा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये।




जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान दिवस पर सम्भावित गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। मौके पर जिलाधिकारी ने मतदाताओं से वार्ता कर कहा कि सभी मतदाता शान्तिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक मतदान करें, मतदाता किसी भी बहकावे न आकर निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी घटना की सूचना हेतु निर्वाचन टोलफ्री नम्बर 1950 पर तत्काल जानकारी दें। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली हैं, किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में रिकॉर्ड मतदान कराने में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें, साथ ही क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें।

# शार्ट न्यूज

## किशोर का शव फंदे से लटकता मिला

**महोबा।** उत्तर प्रदेश मे महोबा जिले के अजनर क्षेत्र मे बुधवार को एक किशोर का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि नगारा डांग गाँव मे रतिराम राजपूत के पुत्र अब्बू का शव खेत के निकट स्थित चिल्ला के पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ बरामद किया गया। वह सुबह से गायब था। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे कि जानवरो को लेकर जंगल गए चरवाहो ने शव को देख उसकी सूचना परिवार के लोगो को दी। उन्होने बताया कि किशोर की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। घटना की सूचना पाकर गाँव पहुंचे हमीरपुर जिले के नोरंगा निवासी उसके मामा देवसिंह ने अब्बू की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि अब्बू रतिराम की पहली पत्नी का पुत्र था। आरोप है कि सौतेली माँ के कारण उसे अक्सर प्रताड़ित किया जाता था। अब्बू ज़ब दो वर्ष का था तब उसकी माँ की मृत्यु हो जाने पर रतिराम ने दूसरी शादी कर ली थी। मृतक की एक बड़ी बहन है जो सौतेली माँ का व्यवहार ठीक न होने के कारण अपने मामा के पास रहती है। रतिराम के दूसरी पत्नी से एक पुत्री है। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने किशोर के शव को पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, पांच घायल

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर से टकरा कर वैन पलटने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि छतमीं के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मारुति वैन का अगला पहिया फटने से वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में छेछुआ धनतुलसी गांव निवासी भोले (22), सूरज (11), सोनू (18), छोटू शंकर (21) , सूर्य नारायण पटेल (38) तथा बब्बू (30) घासल हो गये। सभी मारुति वैन से वाराणसी जा रहे थे। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां भोले को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज, सोनू, छोटू को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। मृतक की सगी बहन की शादी 25 अप्रैल को वाराणसी में हुई थी। पूरा परिवार बहन के घर चौथी लेकर जा रहा था कि तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

## तेंदुये ने बालिका को बनाया निवाला

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र के धर्मापुर गांव निवासी एक आठ वर्षीय बालिका को तेंदुआ घर से खींच ले गया। उसका शव बुधवार सुबह क्षत विक्षत हालत में बरामद किया गया। वन विभाग के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज अंतर्गत धर्मापुर गांव निवासी श्यामा (10) पुत्री चुन्नू मंगलवार शाम को घर के सामने अन्य बच्चों के साथ मौजूद थी। बालिका कुछ देर में बच्चों से अलग हुई। इसी दौरान एक तेंदुआ जंगल से निकल कर आया और बालिका को उठा ले गया।बालिका के देर तक घर न पहुचने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिस पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह सभी बालिका की खोजबीन कर रहे थे कि तभी घर से 200 मीटर की दूरी पर बालिका का क्षत विक्षत शव मिला। घटना की जानकारी रेंज कार्यालय में दी। वन क्षेत्राधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने डीएफओ को घटना से अवगत कराया। डीएफओ बी.शिव शंकर ने बताया कि बालिका को शाम को तेंदुआ खींच ले गया था।

## देवरिया में पुजारी की हत्या

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के भलुअनी क्षेत्र में मंदिर के पुजारी की कुछ लोगों ने मारपीट कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि क्षेत्र के तेनुआ चौबे गांव निवासी अशोक चौबे(60) बारीपुर हनुमान मंदिर में सहायक पुजारी थे। मंगलवार की रात कुछ लोग चौबे के दरवाजे पर चढ़ गये और मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान उनको बचाने आये उनके पुत्र संदीप को भी हमलावरों ने मारकर घायल कर फरार हो गये। दोनों घायलों को देवरिया मेडिकल कालेज लाया गया जहां पुजारी अशोक चौबे को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके पुत्र संदीप का इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि तेनुआ चौबे गांव के अशोक चौबे की गांव के हौशला पासवान के परिवार से डीजे बजाने को लेकर कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था और उसी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने अशोक चौबे के दरवाजे पर जाकर मारपीट की। अशोक चौबे को को सिर में चोट लगने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

## बाहुबली धनंजय सिंह बरेली जेल से रिहा

बरेली। बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह बरेली सेंट्रल जेल से रिहा हो गए। बुधवार सुबह जेल से निकलते ही उन्होंने कहा- फर्जी मुकदमे में सजा हुई थी, हाईकोर्ट ने मुझे जमानत दी है। मेरी पत्नी चुनाव लड़ रही हैं, सीधे अपने क्षेत्र में प्रचार करने जाऊंगा। धनंजय को जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 6 मार्च को 7 साल की सजा सुनाई थी। 57 दिन से वह जेल में बंद थे। धनंजय को 4 दिन पहले शनिवार को जौनपुर से बरेली जेल शिफ्ट किया गया। उसी दिन धनंजय को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दी थी। कोर्ट का यह फैसला तब आया था, जब जौनपुर पुलिस धनंजय को लेकर बरेली के लिए निकल चुकी थी। रास्ते में ही थे, तभी उनकी जमानत की खबर आई थी। धनंजय की जमानत का आदेश मंगलवार शाम बरेली जेल पहुंच गया था। सुबह करीब 14 गाड़ियों में धनंजय के समर्थक जेल पहुंचे। लेकिन पुलिस ने बैरियर लगाकर उनको जेल से दूर रोक दिया। जौनपुर से बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी बुधवार को अचानक कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। उन्होंने कहा-आज अच्छा दिन था।

## लखनऊ में 20 फीट गहरे नाले में गिरा टेम्पो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गुड़म्बा इलाके के रिंग रोड पर जगरानी अस्पताल के पास तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। हादसा बुधवार को दोपहर के समय हुआ। टेम्पो में 8 से 10 सवारी बैठी थी। सभी को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने नाले में कूदकर सभी को बाहर निकाला। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन से टेम्पो को बाहर निकाला जा सका। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां से कुछ लोगों को उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया। बताया जा रहा है कि कई महीनों से चल रहे निर्माण कार्य की वजह से डायवर्जन किया गया है। जिसकी वजह से हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टेम्पो चालक भी सवारी बैठाकर जल्दी पहुंचने के चक्कर में अक्सर शार्ट कट अपनाते हैं। मड़ियांव से सवारी लेकर आ रहा चालक किनारे से निकालने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और सवारी से भरा टेम्पो लेकर 20 फिट गहरे नाले में गिर गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद में एक और वाद

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के बीच चल रही कानूनी लड़ाई में अब तक दायर किये गए वादों की श्रंखला में एक नया वाद और जुड़ गया है। इस वाद को चार अधिवक्ताओं ने मिलकर सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया है तथा इनमें से एक अधिवक्ता लंदन का निवासी है। लंदन निवासी अधिवक्ता प्रशांत कुमार, लखनऊ निवासी हर्ष वर्धन सिंह, नीलम सिंह, और दिल्ली निवासी रंजन कुमार राय ने मंगलवार को मथुरा में सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट में एक वाद दायर किया था इसमें वादियों में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशवदेव,स्थान श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशवदेव को भी वादी बनाया गया है। इसकी जानकारी लंदन निवासी इस वाद के वादी एवं अधिवक्ता प्रशांत कुमार ने बुधवार को पत्रकारों को दी। यह निर्णायक मामला कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और सटे शाही ईदगाह मस्जिद की भूमि के वास्तविक स्वामित्व और गहरे ऐतिहासिक महत्व को लेकर है। इस वाद के प्रतिवादी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट हैं।

## इजराइल–हसाम के बीच बातचीत जारी, युद्धविराम की संभावना बढ़ी

तेल अवीव। इजराइल–हसाम के युद्ध के बीच अच्छी खबर है कि मिस्र और कतर के मध्यस्था में काहिरा में हमास और इजराइल के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत जारी है। दोनों पक्षों के बीच सोमवार को शुरू हुई बातचीत मंगलवार को भी जारी है। इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, बातचीत सकारात्मक है। हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या 40 से घटाकर 33 करने पर इजराइल की सहमति के बाद छह सप्ताह के युद्धविराम की संभावना बढ़ गई है। हमास ने भी इज़राइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी की रिहाई की मांग की है। इजराइल पहले ही कह चुका है कि अगर हमास काहिरा में बातचीत से पीछे हटता है, तो इससे गाजा पट्टी के राफा में इजराइली जमीनी हमले का सामना करना पड़ेगा। राफा में लगभग 13 लाख फ़िलिस्तीनी रहते हैं। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सिसी ने राफा में इजराइली सैन्य कार्रवाई और राफा की सीमा से लगे सिनाई क्षेत्र में शरणार्थियों के बड़े पैमाने पर पलायन को देखते हुए चिंता जताई है। मिस्र के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल ने अपनी हालिया इजराइल यात्रा के दौरान राफा ऑपरेशन के बारे में चिंता व्यक्त की थी। इस बीच, सऊदी अरब का दौरा कर रहे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, हमास और इज़राइल के बीच जारी बातचील पर नजर रखे हुए हैं।

## कैंसर से लड़ने नई इम्यूनोथेरेपी तकनीक विकसित की, ट्यूमर को अन्य टीशू अंगों में फैलने से रोकती है ये तकनीक

न्यूयार्क। जानलेवा रोग कैंसर से लडने के लिए एक नई इम्यूनोथेरेपी तकनीक विकसित की है। यह तकनीकी स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना ट्यूमर को प्रभावी ढंग से लक्षित करने वाले संभावित उपचार के रूप में साइटोकिन प्रोटीन का उपयोग करती है। यह दावा किया है अमेरिकी शोधकर्ताओं ने। साइटोकिन्स छोटे प्रोटीन अणु होते हैं जो शरीर में सूजन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। वे कैंसर से लड़ने और उपचार की प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा कोशिकाओं द्वारा जारी किए जाते हैं। वर्जीनिया टेक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की टीम ने नई तकनीक विकसित की है जो यह सुनिश्चित करती है कि प्रतिरक्षा कोशिका साइटोकिन्स को बढ़ावा देती है जो ट्यूमर को अन्य टीशू अंगों में फैलने से रोकती है। यह शरीर के बाकी हिस्सों में विषाक्तता को उजागर न करने के लिए साइटोकिन्स संरचना और प्रतिक्रियाशीलता स्तर को भी संरक्षित करता है। वर्जीनिया टेक में केमिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर रोंग टोंग ने कहा, कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए प्रतिरक्षा कोशिकाओं को उत्तेजित करने में साइटोकिन्स अत्यधिक प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि वे इतने शक्तिशाली हैं कि यदि वे पूरे शरीर में स्वतंत्र रूप से घूमते हैं तो वे अपने सामने आने वाली प्रत्येक प्रतिरक्षा कोशिका को सक्रिय कर देंगे, जिससे संभावित घातक दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसके विपरीत वर्तमान कैंसर उपचार जैसे कि कीमोथेरेपी स्वस्थ कोशिकाओं और कैंसर कोशिकाओं के बीच अंतर नहीं कर पाती है जिसके चलते बालों का झड़ना और थकान जैसे दुष्प्रभाव होते हैं क्योंकि यह शरीर की सभी कोशिकाओं को प्रभावित करता है।

## पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम कबूल करवाया जा रहा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संसद में सांसद दिनेश कुमार ने कहा कि हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम कबूल करवाया जा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के संविधान और इस्लाम की आयतों का जिक्र कर कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन कराने वाले न संविधान मानते हैं और न इस्लाम। उन्होंने कहा, कि सिंध में पक्के के डाकू हमारी हिंदू लड़कियों को जबरदस्ती इस्लाम कबूल करवा रहे हैं। कच्चे के डाकू तब सिर्फ अगवा करते हैं। हालांकि पाकिस्तान का संविधान कहता है कि किसी का जबरन धर्म परिवर्तन नहीं किया जा सकता। कुरान पाक कहता है कि मजहब में कोई जबर नहीं। आपका मजहब आपके लिए हमारा मजहब हमारे लिए। कुमार ने कई सूफी संतों का जिक्र कर कहा कि इनके खास लोग हिंदू थे, फिर भी उन्होंने कोई जोर जबरदस्ती नहीं की। उन्होंने कहा, संघार में प्रिया कुमारी जिसकी उम्र 6 साल थी उसे मोहर्रम के महीने में अगवा कर लिया गया। उसके मां–बाप लोगों को पानी पिला रहे थे। आज दो साल हो गए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। जिस आदमी ने अगवा किया, उसका नाम हर किसी को पता है। वहां भी पक्के का डाकू है, लेकिन सिंध की सरकार हाथ नहीं डालती है। उस आदमी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, ताकि प्रिया आजाद हो सके। उन्होंने कहा कि सिंध को बलोचिस्तान से सीखना चाहिए। बलोचिस्तान में जुल्म नहीं हो रहा। पाकिस्तान का संविधान इजाजत देता है कि यहां जो भी लोग हैं वो अपनी तबलीग कर सकते हैं। लेकिन गैर मुस्लिम किसी पर भी जुल्म नहीं करते। उन्होंने कहा, कहते हैं जॉइंट इनवेस्टिगेशन टीम बनी है। जिन लोगों ने प्रिया कुमारी को अगवा किया, उन्हें एयर कंडीशन रूम में बैठाकर पूछताछ की जाती है। ये कहां का जुल्म है। हमारे दुश्मन मुल्क मेरी जन्मभूमि पर इन मामलों के कारण उंगली उठा रहे हैं।

## यूएई में फिर भारी बारिश का अलट... सरकार ने लोगों से की अपील

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) इस हफ्ते फिर से भारी बारिश का सामना कर सकता है। यह देखकर सऊदी सरकार ने लोगों से सावधानी बरतने और बेवजह घर से ना निकलने के लिए कहा गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि मौसम की स्थिति पिछले महीने की तरह गंभीर नहीं होगी लेकिन सुरक्षा संबंधी सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। नेशनल इमरजेंसी क्राइसिस और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने बारिश के पुर्वानुमान को देखकर बैठक की है। बैठक में यूएई के आंतरिक मंत्रालय (एमओआई), राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) और दूसरे सरकारी विभागों के अफसर भी शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, परेशानी को कम करने के लिए और व्यवसाय को कम से कम नुकसान हो, इस पर चर्चा की गई। एनसीएम ने बताया कि बीते महीने जिस तरह से भारी बारिश हुई, उस तरह से मौसम रहने की उम्मीद इस बार नहीं है। बुधवार रात से गुरुवार तक यूएई के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होगी। बारिश के साथ कुछ इलाकों में ओले गिरने और बिजली कड़कने की संभावना है। वहीं शुक्रवार और शनिवार को बादल छंटने और हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने का अनुमान है। दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में तेज बारिश हो सकती है। आंतरिक मंत्रालय ने बारिश के पूर्वानुमान पर कहा है कि आंतरिक सुरक्षा के लिए सर्वोच्च समिति, मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में काम कर रही है। टीम मौसम की स्थिति के विकास और अपडेट की लगातार निगरानी कर रही है ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। मंत्रालय ने बताया है कि बारिश से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सभी जरूरी उपाय किए हैं।

## चीनी बिजली कंपनियों का बकाया.... जिनपिंग हुए नाराज, मनाने जून में चीन पहुंच रहे शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद। कंगाल पाकिस्तान पर चीन की शी जिनपिंग सरकार नाराज हो गई है। इसके बाद चीनी बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये का बकाया मांग लिया है। दरअसल चीनी कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन पाकिस्तान सरकार पैसा नहीं दे रही है। चीन के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इस चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई तारिख नहीं बता पा रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह में चीन जा रहे हैं, माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने कहा है कि शरीफ की यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए। इसके साथ ही चीन ने कहा है कि पाकिस्तानी पीएम की यात्रा से पहले सीपीईसी के दूसरे चरण के लिए रोडमैप को भी तैयार किया जाए। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी पक्ष का अब पूरा फोकस पैसे के भुगतान का मुद्दा सुलझाना है। खासतौर से चीनी बिजली कंपनियों का पैसा। साथ ही पाकिस्तान चाहता है कि समय पर आगे भी भुगतान किया जाए, इसके लिए भी प्लान बनाया जाए। पाकिस्तान को करीब 550 अरब डॉलर लौटाना है। पाकिस्तान पिछले कुछ महीने से कंगाली की वजह से भुगतान ही नहीं कर पा रहा है। पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि चीनी वित्तीय संस्थान चाहते हैं कि एक कफर्ट जोन बने, ताकि जटिल प्रॉजेक्ट पर और ज्यादा सहयोग हो सके। चीनी संस्थान चाहते हैं कि विश्वास बहाली के उपाय तत्काल उठाने की जरूरत है।




न्यूयार्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी के हैमिल्न हाल में फिलीस्तीनी लोगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को बेरीकेडिंग क जरिये अलग-थलग किया गया।

## शांति के प्रयासों में फिर अड़ंगा, किसी की नहीं सुन रहे नेतन्याहू

तेलअवीव। इजराइल और हमास के बीच बीते कई महीनों से युद्ध चल रहा है। तबाही रोकने के लिए कई बार प्रयास किए गए हैं लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। गाजा में इजरायली सैनिकों का कत्लेआम रोकने के लिए अमेरिका और चार मुस्लिम देश एकजुट हैं। सऊदी अरब में हाल ही में हुई मीटिंग में इस बात पर जोर दिया गया कि जल्द ही गाजा में संघर्ष विराम किया जाए। इसके लिए अमेरिका इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को मनाने की कोशिश कर रहा है। इस बीच नई डील से पहले ही नेतन्याहू ने अड़ंगा डाल दिया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कसम खाई कि हमास के साथ समझौता हो या न हो, दोनों ही स्थिति में वह राफा में जमीनी हमला शुरू करेंगे। बता दें कि राफा शहर में 12 लाख से ज्यादा गाजावासियों ने शरण ले रखी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली बंधकों के परिवारों के साथ एक बैठक में कहा कि उनके कार्यालय के अनुसार इज़रायल ने राफा से फिलिस्तीनी नागरिकों को निकालना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हम पूरी जीत हासिल करने के लिए राफा में प्रवेश करेंगे और समझौते के साथ या उसके बिना वहां हमास बटालियनों को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, इजरायल राफा को फिलिस्तीनी क्षेत्र में हमास का आखिरी प्रमुख गढ़ मानता है। राफा गाजा का सबसे दक्षिणी शहर है, जहां करीब 12 लाख फिलिस्तीनियों ने शरण ले रखी है। उन्होंने यह टिप्पणी उस समय की है, जब इजरायल और हमास के बीच संघर्षविराम की बातचीत लगभग सात महीने से चल रही है। इस युद्ध को रोकने के लिए हाल ही में सऊदी अरब ने एक मीटिंग बुलाई थी, जिसमें अमेरिका, मिस्र, कतर, जॉर्डन देशों ने हिस्सा लिया था।

# वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक उत्पादन को सीमित करने पर चर्चा

### प्लास्टिक प्रदूषण पर चल रही चौथे दौर की बातचीत खत्म

**ओटावा (एजेंसी)।** प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए भारत ही नहीं पूरा विश्व ही कोशिश कर रहा है इससे हमारी धरती के साथ-साथ मानव जाति को भी नुकसान पहुंच रहा है। दुनिया में प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने के लिए कनाडा में पहली बार वैश्विक संधि के लिए संभावित मसौदे पर बातचीत हुई। हालांकि कई देश इस बात पर बंटे हुए थे कि क्या प्लास्टिक उत्पादन पर वैश्विक सीमा तय की जाए। इसके साथ प्लास्टिक प्रदूषण पर चल रही चौथे दौर की बातचीत भी खत्म हो गई।

पर्वेक्षकों ने इस बातचीत को स्वागत योग्य संकेत बताते हुए कहा है कि इस बात पर चर्चा हो रही है कि संधि में किन शब्दों को शामिल किया जाए। ओटावा,सत्र की समाप्ति पर समिति संधि पर काम जारी रखने पर सहमत हुई है। संधि पर आखिरी बैठक इस साल दक्षिण कोरिया में होगी। बातचीत में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक के उत्पादन को सीमित करना सबसे अहम मुद्दे के तौर पर उभरा। प्लास्टिक का उत्पादन करने वाले देशों और कंपनियों के अलावा तेल और गैस का निर्यात करने वाले देशों ने इस पर आपत्ति की। दुनियामें सबसे ज्यादा प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन और रसायन से बनाया जाता है। इंटरनेशनल काउंसिल आफ केमिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता हैरिस ने कहा कि समिति के सदस्य ऐसी संधि चाहते हैं जिसमें प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग और रीयूज पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते हैं कि प्लास्टिक के उत्पादन को सीमित किया जाए और उनका कहना था इस समझोते के जरिये रसायन का नियमन नहीं किया जाना चाहिए।

बता दें कि प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के लिए पहली बैठक 2022 में दिसंबर में उरुग्वे के पुंटा डेल एस्टे में हुई थी। इसके बाद बातचीत का दूसरा दौर 2023 में मई से जून के बीच पेरिस में रखा गया था। वहीं तीसरा सत्र नवंबर 2023 के बीच नैरोबी में आयोजित किया गया था। अब इसके बाद बैठक इस साल दक्षिण कोरिया में होगी।

## यूक्रेन पर रुस ने फिर किया हमला, मशहूर इमारत हैरी पॉटर कैसल को निशाना बनाया



**मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन और रूस के बीच स्थित काला सागर के ओडेसा बंदरगाह पर रूस की ओर से हमला किया गया है। इस खबर की पुष्टि यूक्रेन के अधिकारियों द्वारा की गई है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने इसको लेकर बताया कि रूस की ओर से समुंद्र के किनारे एक के बाद एक कई धमाके हुए। इस हमले में ओडेसा की मशहूर इमारत हैरी पॉटर कैसल भी तबाह हो गया। इस दौरान कई शैक्षणिक संस्थान पर भी हमला हुआ। हमले की वजह से कैसल से आग की लपटें बाहर तक देखने को मिल रही थी। उस बिल्डिंग में मौजूद सामान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

इस हमले में हैरी पॉटर कैसल के अलावा इलाके में स्थित 20 से अधिक मकानों को भी नुकसान पहुंचा। जिसके बाद वहां रह रहे लोगों के लिए स्थिति और गंभीर हो गई है। वहीं इस हमले में प्रयोग हुए युद्ध मैटेरियल की बात करें तो ये सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लघंन करते हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार घायलों में दो बच्चे और गर्भवती महिला भी है। जो मानवता को शर्मसार करने वाला है। वहीं रूस के अधिकारियों ने ये भी दावा किया है कि यूक्रेन द्वारा क्रीमिया में किए गए बड़े मिसाइल अटैक और ड्रोन हमले को रोकने में सफलता मिली। जबकि एक रूसी ब्लॉगर्स ने यह भी दावा किया कि हमले होने वाले इलाकों में मुख्य रूप से हवाई क्षेत्र शामिल थे।

## लंदन में मेयर पद के लिए चुनाव आज, हिंदुस्तानी की टक्कर पाकिस्तानी से

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन के मेयर पद के लिए आने वाली 2 मई को चुनाव होना है। उम्मीदवारों में एक नाम तरुण गुलाटी का है, जो वर्तमान मेयर सादिक खान को चुनौती दे रहे हैं। खास बात ये है कि मेयर के रूप में दो कार्यकाल पूरा कर चुके सादिक खान जहां पाकिस्तानी मूल के हैं, वहीं तरुण गुलाटी का जन्म भारत में हुआ है। यानी इस बार हिन्दुस्तानी की टक्कर सीधे पाकिस्तानी से है लंदन मेयर पद के लिए मैदान में उतरे 13 उम्मीदवारों में गुलाटी एकमात्र भारतीय हैं। गुलाटी को यकीन है कि वे खान को चुनाव में शिखास्त दूंगा। मूल रूप से दिल्ली के ग्रेटर कैलाश 2 के रहने वाले गुलाटी का मानना है कि वे इस पद के प्रतिस्पर्धा कर रहे 13 उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। गुलाटी ने उन सर्वे को खारिज कर दिया है, जिसमें फिर से सादिक खान की जीत की संभावना है। गुलाटी ने दावा किया है कि बहुत सीमित संख्या में लोगों को शामिल करके सर्वे किया गया है। 63 वर्षीय इनवेस्टमेंट बैंकर और बिजनेसमैन तरुण गुलाटी का जन्म दिल्ली में हुआ है। उन्होंने जयपुर यूनिवर्सिटी से पढ़ाई के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वे एचएसबीसी बैंक के साथ जुड़े रहे हैं, जहां उन्होंने इंटरनेशनल मैनेजर के रूप में काम किया। 2006 में लंदन में स्थायी रूप से बसने के पहले वे एशिया प्रशांत, मध्य पूर्व, अफीका में रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ब्रिटेन सहित छह देशों में काम किया। गुलाटी वर्तमान में लंदन स्थित कंपनी स्कॉयर्ड वॉटरमेलन लिमिटेड के अध्यक्ष और सीईओ हैं।

## चुनाव आयोग ने सांगठनिक चुनाव और ढांचे को लेकर इमरान खान की पार्टी के दर्जे पर सवाल उठाया

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के दर्जे पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि पार्टी ने पांच साल तक उचित तरीके से चुनाव नहीं कराए हैं और इसका कोई संगठनात्मक ढांचा नहीं है। पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा की अगुवाई वाली निर्वाचन आयोग की पांच सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को इस बात का संज्ञान लिया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उच्चतम न्यायालय और आयोग के निर्देश के बाद पार्टी के आंतरिक चुनाव नये सिरे से कराये थे लेकिन चुनाव संबंधी आपत्तियों पर स्पष्टीकरण की जरूरत है।



आयोग के महानिदेशक (राजनीतिक वित्त) मसूद अख्तर ने पार्टी को सूचित कर दिया है और ज्यादा जानकारी नहीं दी है। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति और उसकी आम सभा की बैठक के संबंध में आपत्तियों को बाद में प्रतिवादियों के साथ साझा किया गया। खान की अगुवाई वाली पीटीआई पार्टी के साथ साझा किए गए दस्तावेज में पार्टी के दर्जे पर सवाल उठाया गया है। इसके मुताबिक, पार्टी में पांच साल से चुनाव नहीं हुआ है, उसका कोई सांगठनिक ढांचा नहीं है और चुनाव चिह्न भी नहीं है।

## नेपाल को चीन से दूर करने काठमांडू पहुंच रही जापानी विदेश मंत्री

**– भारत और अमेरिका लगातार नेपाल से संपर्क में**

**काठमांडू (एजेंसी)।** भारत के पड़ोसी देश नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाने भारत, अमेरिका के बाद अब जापान भी एक्शन में आ गया है। जापानी विदेश मंत्री कामिकावा योको 5 मई को नेपाल के दौरे पर आ रही हैं। साल 1956 में नेपाल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद यह किसी जापानी विदेश मंत्री का चौथा दौरा है। साल 2019 के बाद किसी जापानी विदेश मंत्री का यह पहला दौरा है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि इस दौरान नेपाल के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। विश्लेषकों का कहना है कि इस यात्रा का मकसद चीन को कड़ा संदेश देना भी है जो इस हिमालयी देश में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नेपाली विदेश मंत्रालय के एक संयुक्त सचिव ने कहा, इस यात्रा के पीछे एक रणनीतिक वजह भी है क्योंकि जापान एक मिडिल पावर के रूप में अपनी भूमिका बनाना चाहता है और एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहता है। यह केवल पूरी तरह से द्विपक्षीय रिश्ते को लेकर यात्रा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका में बढ़ते तनाव के बीच जापान वॉशिंगटन का करीबी सहयोगी बना हुआ है। उन्होंने कहा, जापानी विदेश मंत्री की नेपाल और श्रीलंका यात्रा चीन को रणनीतिक संदेश देना है। जापान यह बताना चाहता है कि वह एशिया में रणनीतिक पहुंच को बढ़ा रहा है। जापानी विदेश मंत्री 5 मई को पहुंचकर उसी दिन शाम को लौट जाएगी। नेपाली विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश हमारे संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा करने वाले है। इस यात्रा के दौरान किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होना है। नेपाली विशेषज्ञों का कहना है कि हमारे देश को जापान के साथ रिश्ते को मजबूत करना चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा कि लाखों जापानी नागरिक भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी आना चाहते हैं। उन्हें यहां पर लाया जा सकता है। इससे देश में पर्यटन बढ़ेगा। जापान ने कई एशियाई देशों को विकास प्रॉजेक्ट के लिए बहुत कम ब्याज पर पैसा भी दिया है। जापानी विदेश मंत्री की यह नेपाल यात्रा उस समय पर हो रही है जब चीन ने नेपाल में अपने प्रभाव को बढ़ाना तेज किया है। खासतौर पर जब से केपी ओली के समर्थन से प्रचंड सरकार बनी है। चीन ने नेपाली नागरिकों के लिए वीजा फीस को खत्म कर दिया है। इतना ही नहीं चीन कई प्रॉजेक्ट भी नेपाल के अंदर शुरू करने जा रहा है। चीन पोखरा और भैरहवा एयरपोर्ट पर उड़ान भी भेजने जा रहा है। वहीं चीन को मात देने के लिए भारत ने भी बड़े पैमाने पर प्रॉजेक्ट शुरू किए हैं। भारत नेपाल से बिजली खरीद रहा है, जिसकी चीन आलोचना करता है।

## चीन में बारिश से धंसा हाईवे, 19 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के मीझोउ शहर में भारी बारिश से हाईवे का एक हिस्सा ढह जाने से उसमे कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने 30 लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। मीडिया रिपोटर्स के मुताबिक इस इलाके में पिछले कुछ कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में मीझोउ शहर और डाबू काउंटी के बीच सड़क का एक हिस्सा देर रात करीब 2:10 बजे धंस गया। इस घटना के कारण 18 वाहन फंस गए और 31 लोगों को घटनास्थल से बचाया गया और अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और उन्होंने देखा कि सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा हो गया। इस हादसे के बाद रास्ते को बंद कर दिया गया है।

# दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा इस खाड़ी देश में

**दुबई (एजेंसी)।** खाड़ी देशों में कई बड़े एयरपोर्ट हैं। इसी कड़ी में सऊदी अरब का किंग फहद एयरपोर्ट क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। ये 780 वर्ग किलोमीटर में फैला है। सऊदी 2030 तक किंग फहद इंटरनेशनल साइट पर नए छह-रनवे एयरपोर्ट पर भी काम कर रहा है, जिसकी एक साल की यात्रियों की संख्या 185 मिलियन (साढ़े 18 करोड़) होगी। इससे भी आगे बढ़ते हुए यूएई में दुनिया में सबसे व्यस्त एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। दुबई में यात्री संख्या के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को यूएई के सबसे नए एयरपोर्ट दुबई वर्ल्ड सेंट्रल (डीडब्ल्यूसी) अल मकतूम इंटरनेशनल में 34.85 अरब डॉलर के खर्च से नए यात्री टर्मिनल की योजना का ऐलान किया है। डीडब्ल्यूसी अल मकतूम को 14 साल पहले खोला गया था। इस एयरपोर्ट में अब हर साल 260 मिलियन (26 करोड़) यात्रियों को समायोजित करने की है। यह एयरपोर्ट के लिए पिछले अनुमानों की तुलना में पूरे 10 यात्रियों की संख्या अधिक है।

दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने कहा, यह वर्तमान दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आकार का पांच गुना होगा और आने वाले सालों में दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सभी संचालन को इसमें ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इस एयरपोर्ट में 400 एयरक्राफ्ट गेट और पांच समानांतर रनवे बनाए जाएंगे। दुबई वर्ल्ड सेंट्रल, दुबई के दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट में से नया है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दुनिया का नंबर 2 सबसे व्यस्त हवाई अड्डा था लेकिन डीडब्ल्यूसी की विस्तार योजनाओं के हिसाब से इसका यातायात नए एयरपोर्ट पर जाएगा।

ये एयरपोर्ट एक बहुत बड़ी योजना का केंद्रबिंदु होगा, जिसे दुबई साउथ कहा जाता है। इसमें दुबई के दक्षिण में 145 वर्ग किलोमीटर रेगिस्तान में एक पूरे नए शहर के निर्माण की परिकल्पना की गई है। इस नए शहर को आठ भागों में बांटा जाएगा, हर एक भाग को विशिष्ट गतिविधि के लिए आवंटित किया जाएगा। शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने कहा कि जैसा कि हम दुबई दक्षिण में हवाई अड्डे के चारों ओर एक पूरा शहर बनाते हैं, दस लाख लोगों के लिए आवास की मांग बढ़ेगी। हम भावी पीढ़ियों के लिए एक नई परियोजना का निर्माण कर रहे हैं, जिससे हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए निरंतर और स्थिर विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि दुबई दुनिया का एयरपोर्ट होगा, इसका बंदरगाह, इसका शहर नया वैश्विक केंद्र होगा।



मकतूम ने कहा कि नया हवाई अड्डा दुबई के विमानन क्षेत्र में अगले 40 वर्षों के अपेक्षित विकास के लिए जमीन तैयार करेगा। हालांकि इस बीच दुबई इंटरनेशनल (डीएक्सबी) में कारोबार हमेशा की तरह चल रहा है, जिसने इस महीने पहली बार 2023 में 104.7 यात्रियों को सेवा देकर दुनिया के नंबर 2 सबसे व्यस्त हवाई अड्डे का खिताब हासिल किया।

# आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला करेगी सनराइजर्स

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। इस मैच में सनराइजर्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रही हो लेकिन इस मैच में जीत के लिए कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण ये है कि राजस्थान ने अबतक खेले गये 9 मुकाबलों में से 8 जीते हैं। ऐसे में वह 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। इसके साथ ही उसके बल्लेबाज और गेंदबाज शानदार फर्म में हैं। वहीं दूसरी और इस सत्र की शुरुआत में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से धमाका करने वाली कप्तानी पैट कमिंस की सनराइजर्स बाद के मैचों में असफल रही है। । उसने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार 10 अंक लेकर वह पांचवे नंबर पर है। पिछ्ली कुछ हारों से उसका मनोबल भी गिरा है और टीम लक्ष्य का सामना करने में विफल रही है।

ऐसे में सनराइजर्स के लिये अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच में जीतना जरुरी है। रॉयल्स ने पहले ही प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। सनराइजर्स के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक असफल रहे हैं यहां तक कि कोच डेनियल विटोरी ने भी माना है कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति से उसे हार मिली है।

सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन बार 250 से अधिक स्कोर बनाया पर वह लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर पायी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था, '' हम लक्ष्य देने में सफल रहे हैं पर अब हमें लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'' सनराइजर्स की टीम इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर रही है। ऐसे में अगर ये रन नहीं बना पाते हैं तो टीम बिखर जाती है।

उसके अनुभवी बल्लेबाज एडेन मार्करम भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। वहीं रॉयल्स




का अब तक का सफर जबरदस्त रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर विरोधी टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन के अलावा जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और जैसे शानदार बल्लेबाज हैं। इसके अलावा शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी काफी रन बनाये हैं। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास ट्रेंट बोल्ट जैसा तेज गेंदबाज व आवेश खान व संदीप शर्मा हैं जैसे युवा गेंदबाज है। स्पिन की कमान यजुवेन्द्र चहल संभालेंगे। चहल ने अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है। दूसरी ओर रॉयल्स की बल्लेबाजी अब तक अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन और नीतिश रेड्डी व मयंक अग्रवाल पर आधारित रही है। उसके गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसेन और स्पिनर टी नटराजन अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स**- संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**सनराइजर्स हैदराबाद**- पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

# मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल



**मैड्रिड (एजेंसी)।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैम्पियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7 . 5, 6 . 4 से हराया। हार के बाद नडाल ने कहा,'' यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिये यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी।''

नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6 . 3, 6 . 7, 7 . 6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5 . 7, 6 . 3, 6 . 3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7 . 6, 6 . 4 से हराया।

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4 . 6, 6 . 0, 6 . 2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0 . 6, 7 . 5, 6 . 1 से हराया।

# आईपीएल में अब तक प्लेऑफ के लिए दो टीमों की दावेदारी हुई पक्की, तीन टीमों पर बाहर होने का खतरा

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में प्लेऑफ की तस्वीर अब तक पुरी तरह से साफ नहीं हुई है। अधिकतर टीमें अब तक 9-9 मुकाबले खेल चुकी है और राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स का जहां प्लेऑफ में पहुंचना तय नजर आ रहा है। वहीं 3 टीमें ऐसी हैं जिनके उपर लगातार बाहर होने का संकट मंडरा रहा है। इसमें से दो टीमों तो एक हार से ही बाहर हो जाएंगी। राजस्थान ही अकेले टीम है जिसके पास इस वक्त 16 अंक हैं और उसकी जगह पक्की हो चुकी है। वहीं केकेआर की टीम के 12वां अंक हासिल किया और उसकी दावेदारी भी अगले दौर के लिए मजबूत हो चुकी है। वहीं अंक तालिका में नीचे की तीन टीमों पर बाहर होने की तलवार लटकी हुई है। इसमें मुंबई इंडियंस भी शामिल है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेलने उतरी इस. टीम का प्रदर्शन अब तक सामान्य ही रहा है। इस टीम के पास 16




अंकों तक पहुंचने का मौका है पर 1 हार से वह बाहर हो जाएगी। वहीं पंजाब किंग्स के लिए भी हालात बिल्कुल ऐसे ही हैं 9 मैच खेलने के बाद टीम को 3 जीत मिली है पर वह बचे हुए 5 मैच जीतकर 16 अंकों तक पहुंच सकता है लेकिन अगर टीम को 1 हार भी मिली तो उसकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम के लिए हालात बेहद कठिन हैं. अपने बचे हुए सारे मैच जीतने के बाद भी टीम 14 अंकों तक ही पहुंच रही है। ऐसे में अगर उसे 1 भी हार मिली तो वह सीधा टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

# टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में मुम्बई इंडियंस के सबसे अधिक खिलाड़ी शामिल

**-केकेआर, सनराइजर्स के एक भी खिलाड़ी को नहीं मिली जगह।**




**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों पर नजर डालें तो सबसे अधिक चार खिलाड़ी आईपीएल टीम मुम्बई इंडियंस से है। विश्वकप में आईपीएल की छह टीमों के खिलाड़ियों को जगह मिली है पर केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद सहित चार टीमों के एक भी खिलाड़ी को इसमें शामिल नहीं किया गया है। विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा करेंगे। टीम के चयन में आईपीएल प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। इसी कारण शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी टीम में भी टीम में शामिल किया गया है।

आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के तीन खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल को भी भारतीय टीम में जगह मिली है पर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर कायम कोलकाता नाइटराइडर्स का एक भी खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं है। आईपीएल में तीन बार 250 से अधिक रन बनाने वाली सनराइजर्स के किसी खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों को भी शामिल नहीं किया गया है।

**विश्वकप के लिए भारतीय टीम में**

मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या के अलावा सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह को भ जगह मिली है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के 3 खिलाड़ियों में ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव शामिली हैं।

वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के दो-दो और पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह मिली है। आरसीबी के विराट कोहली, मोहम्मद सिराज और चेन्नई सुपरकिंग्स के शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा ने भारतीय टीम में जगह बनाई है। पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह को भी टीम में रखा गया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्वकप के लिए मिचेल मार्श को बनाया कप्तान

सिडनी (ईएमएस)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया है। सीए ने एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ को शामिल नहीं किया गया है। इसके अलाव आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से धूम मचाने वाले बल्लेबजा जैक फेजर मैकगर्क को भी जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलिया की इस टीम में पैट कमिंस भी शामिली हैं पर उन्हें कप्तानी नहीं मिली है। वह एक तेज गेंदबाज के तौर पर रहेंगे।




**टीम इस प्रकार है** - मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर और एडम ज़म्पा।

# पंड्या को इन खूबियों के चलते टीम इंडिया में जगह मिली



मुम्बई। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को आईपीएल में खराब फार्म के बाद भी भारतीय टीम में शामिल किये जाने पर कई लोग हैरान हैं। उनका मानना था कि पंड्या को विश्वकप के लिए शामिल नहीं करना चाहिये पर अब ये बात सामने आई है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पंड्या पर क्यों भरोसा जताया है। हार्दिक को चयन समिति ने उप कप्तान की जिम्मेदारी भी दी है। चयनकर्ता और कप्तान ने हार्दिक का चुनाव कर ये बताया है कि आईसीसी के इस टूर्नामेंट में अनुभव और क्षमताओं को वर्तमान फार्म से अधिक अधिक महत्व दिया गया है। आईपीएल में भले ही हार्दिक असफल रहे हों पर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने कई बार मुश्किल हालातों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हार्दिक की इन्ही खूबियों को चयनकर्ताओं ने देखा है। इस ऑलराउंडर की खासियकत ये है कि वह मुश्किल हालात मे भी दबाव में नहीं आता। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बिखरने के बाद हार्दिक ने उस मैच में जमकर चौके और छक्के लगाये थे। इसके अलावा भी उन्होंने कई बार टीम इंडिया के लिए मैच को फिनिश करने का काम किया। यही कारण है कि उनके आईपीएल में खराब प्रदर्शन पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा अभी हार्दिक ही भारतीय टीम के नंबर एक तेज गेंदबाज हैं। वह आक्रामक बललेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें अभी के अन्य ऑलराउंडर की तुलना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अधिक अनुभव है। हार्दिक ने भारतीय टीम की ओर से 92 टी20 मैच खेल चुके हैं।

# टी20 विश्व कप 2024: फिटनेस समस्याओं के कारण पाकिस्तान की वर्ल्ड कप टीम का घोषणा में देरी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के कारण अपनी विश्व कप टीम की घोषणा को मई के अंत तक टाल दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान 23 या 24 मई को अपनी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा करेगा जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा प्रतिस्पर्धी टीमों के लिए विश्व कप तकनीकी समिति से अनुमति के बिना अपनी टीम में बदलाव करने के लिए निर्धारित समय सीमा भी है।

प्रबंधन और चयनकर्ता मुहम्मद रिजवान, आजम खान, इरफान खान नियाजी और हारिस राउफ की मामूली चोटों से चिंतित हैं और आयरलैंड तथा इंग्लैंड में उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। चयनकर्ता गुरुवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करेंगे। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले चयनित खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन का आकलन करेंगे। अब तक भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने अपनी विश्व कप टीमों की घोषणा की है।




सूत्र ने कहा, ''इससे (देरी से) कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि ये सभी देश 24 मई तक अपनी पूरी टीम बदल सकते हैं, उसके बाद तकनीकी समिति की मंजूरी से फिटनेस या चोट के आधार पर ही बदलाव की अनुमति दी जा सकती है।'' उन्होंने कहा, ''यही कारण है कि पीसीबी और चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड में पहले मैच के बाद तक रुकने का फैसला किया है।

# बुमराह की तरह गेंदबाजी करते हैं आरसीबी के नेट गेंदबाज महेश कुमार, आरसीबी ने जारी किया वीडियो



नई दिल्ली। आईपीएल में एक नेट गेंदबाज महेश कुमार चर्चाओं में बने हैं। महेश वैसे तो एक नेट गेंदबाज हैं पर उनका एक्शन भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तरह नजर आता है। इसी को देखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने इस नेट गेंदबाज महेश का एक वीडियो जारी किया है। इसमें महेश गेंदबाजी कर रहे हैं। इस दौरान ऐसा लग रहा था जैसे कि बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों। इंडियन डॉमेस्टिक क्रिकेट फोरम के सोशल मीडिया हैंडल पर यह वीडियो है। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, महेश कुमार आरसीबी के लिए आईपीएल 2024 में नेट बॉलर हैं। वहीं रिपोर्ट्स के अनुसार महेश कुमार आरसीबी से पहले गुजरात टाइटंस के लिए नेट्स में गेंदबाजी करते थे। गुजरात के लिए गेंदबाजी करते हुए ही महेश कुमार का वीडियो भी साझा किया गया है। इसलिए वह गुजरात टाइटंस के अभ्यास की जर्सी में दिख रहे हैं। हालांकि वह काफी पहले से ही आरसीबी के साथ जुड़े हुए हैं पर उन्हें कोई बड़ा अवसर नहीं मिल पाया है। महेश अपनी सटीक यॉर्कर के कारण भी जूनियर बुमराह के नाम से जाने जाते रहे हैं हालांकि अब तक उन्हें किसी बड़े स्तर पर पहचान नहीं मिल पाई है। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि आगे आने वाले समय में महेश अपनी गेंदबाजी को और बेहतर करेंगे और बड़े स्तर पर उन्हें अवसर मिलेगा। महेश कर्नाटक के रहने वाले हैं।

# टी20 विश्वकप के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित छह देशों की टीमें घोषित

**मुम्बई (एजेंसी)।** अगले माह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट 2024 में के लिए अभी तक भारत, ऑस्ट्रेलया और न्यूजीलैंड सहित छह टीमों की घोषणा हो गयी है। वहीं पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और बांग्लादेश को अभी अपनी टीमें घोषित करनी है। इस टूर्नामेंट के लिए सबसे पहले न्यूजीलैंड ने अपनी टीम घोषित की थी। न्यूजीलैंड ने 29 मई को ही अपनी टीम घोषित कर दी है। टी20 विश्वकप में कुल 10 टीमें भाग लेंगी।

वहीं भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान ने 30 अप्रैल को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की थी।

**भारत**- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह. रिजर्व खिलाड़ी- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद।

**दक्षिण अफ्रीका**- एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनिल बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, बेरोन फार्च्युन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिक्लटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**न्यूजीलैंड**-केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी. रिजर्व खिलाड़ी-बीन सियर्स।

**अफगानिस्तान**- राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती. मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक. रिजर्व खिलाड़ी- सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

# आक्रामक बल्लेबाजी से निपटने गेंदबाजों को मानसिक रुप से तैयार रहना होगा - वरुण

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा है कि आईपीएल में इस बार बल्लेबाजों के आक्रामक रुख का सामना करने के लिए गेंदबाज मानसिक रुप से तैयार नहीं थे जिसका उन्हें नुकसान हुआ है। वहीं 'इंपेक्ट प्लेयर के आने से बल्लेबाज और आक्रमक हो गये। ऐसे में गेंदबाजों को उन्हें रोकने के लिए नये तरीके तलाशने होंगे। वरुण ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में 16 रन देकर तीन विकेट लिए थे। वरुण ने कहा, 'इंपेक्ट प्लेयर नियम पिछले साल भी था पर बल्लेबाज तब इतने हावी नहीं थे। टीमें अब समझ गई हैं कि इंपेक्ट प्लेयर नियम का बेहतर उपयोग कैसे करना है। वे जानते हैं कि उनके पास अतिरिक्त बल्लेबाज है और वे पहली गेंद से ही प्रहार करना चाहते हैं। यह इसी तरह चल रहा है। उन्होंने कहा, 'गेंदबाज कितना भी दुखी हो, यह ऐसा ही है। हमें स्वीकार करना होगा कि यह आईपीएल अलग है और मानसिक रूप से इस चुनौती को स्वीकार करना होगा। इसके आप ज्यादा आप कुछ भी नहीं बदल सकते। चक्रवर्ती ने कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच से दिल्ली के खिलाफ गेंदबाजों को अच्छी मदद मिली। उन्होंने कहा, ''इससे पूर्व पिछले दो मैचों में हमने लक्ष्य का उतना अच्छा बचाव नहीं किया था क्योंकि दूसरी पारी में विकेट बहुत सपाट हो गया था। लेकिन इस पिच से थोड़ा अधिक टर्न मिल रहा था।



# टी20 विश्व कप: रिंकू सिंह के कम हैं सोशल मीडिया फॉलोअर्स, इसी कारण हुए टीम से बाहर : अंबाती रायडू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने भारत की आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 टीम से रिंकू सिंह को बाहर किए जाने पर नाराज़गी जताई है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज को केवल रिजर्व के रूप में चुना गया था। रायडू ने तर्क दिया है कि रिंकू को नजरअंदाज करना सही नहीं है, टीम चयनकर्ता को क्रिकेट कौशल के साथ आंकड़ों पर भी ध्यान देना चाहिए।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया का चुनाव कर लिया गया है। टीम में रिंकू को मुख्य टीम में जगह नहीं दी गई है। जिसके कारण पूर्व दिग्गज अंबाती रायडू निराश दिखे। दरअसल, रिंकू को रिजर्व खिलाड़ी के तौर से टीम में शामिल किया गया है। टीम के चुने जाने के बाद रायडू ने इसपर रिएक्ट करते हुए पोस्ट भी शेयर की है। उन्होंने एक्स पर लिखा- रिंकू को टीम में न रखना रायडू के अनुसार एक बड़ा नुकसान है। रायडू ने जो बातें लिखी है वह सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस पोस्ट पर फैंस भी बहुत कमेंट कर रहे हैं कि रिंकू को टी20 विश्व टीम में जगह मिलनी चाहिए।

रायडू ने कहा कि रिंकू ने भारत के लिए डेथ ओवरों के दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रायडू ने अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। रायडू ने अपनी पोस्ट में लिखा- रिंकू सिंह को शामिल न करना स्पष्ट रूप से दिखाता है कि आंकड़े क्रिकेट की समझ से ज्यादा जरूरी हैं। इस चयनित भारतीय में से कौन-कौन से खिलाड़ी हैं जो पिछले 2 सालों में टी20 मैच में 16वें और 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने जाते हैं और उच्च स्ट्राइक रेट के साथ तूफानी बल्लेबाजी कर भारत को जीत दिलाते हैं। इसके साथ-साथ रायडू ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- सिवाय रवींद्र जडेजा के इस टीम में कोई भी तेज अंदाज में बल्लेबाजी कर आखिरी समय में टीम को जीत नहीं दिला सकता है। रिंकू का टीम में न होना बड़ा नुकसान है। वह एक बड़ी कमी बन सकते है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रिकेट खेलने की क्षमता इंस्टाग्राम पर पसंद किए जाने से नहीं तोली जानी चाहिए।

बता दें कि भले ही आईपीएल 2024 में रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिला हे लेकिन इस फिनिशर ने अपनी बल्लेबाजी से फैन्स का दिल जरूर जीता है, भारत के पूर्व दिग्गज नवजोत सिंह सिद्धू भी रिंकू को धोनी के बाद भारत का बड़ा फिनिशर मानते हैं।



# विप्रो कंपनी ने नोकिया से किया लाखों डॉलर का सौदा

## -नोकिया कर्मचारी सेवा डेस्क में सुधार करेगी विप्रो

**नई दिल्ली।**

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी विप्रो ने नोकिया से कई लाख डॉलर का सौदा किया है। इस सौदे के तहत वह नोकिया की कर्मचारी सेवा डेस्क में सुधार करेगी और उसके कर्मचारियों वास्तविक गति वाला आई टी सहयोग मुहैया कराएगी। यह सौदा कितनी कीमत में हुआ इसकी जानकारी कंपनी ने साझा नहीं की है। विप्रो ने कहा कि उसकी टीम 130 देशों में काम कर रहे नोकिया के करीब 86,700 कर्मचरियों के लिए एक एआई चालित, क्लाउड आधारित विशिष्ट उपाय तैयार करेगी। कंपनी ने कहा कि इसका उद्देश्य होगा बेहतर उपलब्धता, सुरक्षित और स्वचालित सेवाएं प्रदान करके कर्मचारियों के अनुभव को बेहतर बनाना है। विप्रो की कंपनी डेजिग्निट जिसे ऐसे काम में महारत हासिल है वह उपयोगकर्ताओं पर शोध करके यह तय करेगी कि कर्मचरियों को सही समय पर विशिष्ट सहायता दी जाए। विप्रो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विनय फिराके ने कहा कि जेनरेटिव एआई डिजिटल कामकाज की सेवाओं का अहम घटक बनता जा रहा है। हमारी क्लाउड आधारित तकनीकी विशेषज्ञता और डिजाइन नोकिया के कर्मचारियों को बेहतरीन सहयोग देगा और वे तकनीक का बेहतर इस्तेमाल कर अपने ग्राहकों की बेहतर सेवा दे सकेंगे। नोकिया के वाइस प्रेसिडेंट मार्जी वान डॉन्क ने कहा कि नोकिया अपनी आईटी सेवाओं के साथ यूजर्स के अनुभव को बढ़ाने और बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। दूरदराज से बेहतर समर्थन मुहैया कराना एक अहम कदम है और इसमें उन्नत तकनीक का प्रयोग होता है ताकि सुरक्षित और किफायती सहयोग मुहैया कराया जा सके। इसमें स्थान, उपकरण या नेटवर्क की बाधा नहीं आनी चाहिए। इस विचार का क्रियान्वयन हमारे उपयोगकर्ताओं को दिक्कतों को खुद हल करने में मदद करेगा। इसके लिए उन्हें बेहतर सलाह और मार्गदर्शन दिया जाएगा।




# चुनावी मौसम में मिली बड़ी राहत: एलपीजी सिलेंडर हो गया सस्ता

**नई दिल्ली।**

चुनावी मौसम और ग्लोबल स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतों में आई कमी के चलते गैस सिलेंडर की कीमतों में गिरावट आई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। सरकार ने बुधवार, 1 मई से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 19 रुपये घटा दिए है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। सभी शहरों में दाम यथावत बने हुए हैं। राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का रिटेल प्राइस अब 1,745.50 रुपये है। इससे पहले दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 1764.50 रुपये थी। पिछले महीने 1 अप्रैल को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 30.50 रुपये की कटौती की थी। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने इससे पहले मार्च में 25.50 रुपये और फरवरी में 14 रुपये की बढ़ोतरी की थी, जबकि 1 जनवरी को कीमत में 1.50 रुपये की मामूली कटौती की गई थी।एलपीजी के दामों में कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,764.50 रुपये से घटकर 1,745.50 रुपये हो गई है. मुंबई में नई कीमत 1,698.50 रुपये तय की गई. चेन्नई में कीमत 1,911 रुपये है, जबकि कोलकाता में 20 रुपये की कटौती के बाद यह कीमत 1,859 रुपये है. गैस सिलेंडर की कीमतों में यह कटौती ग्लोबल ऑयल प्राइस में हालिया गिरावट के कारण आई है।




# यदि मोदी फिर पीएम बने तो पीएलआई स्कीम का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन होगा!

*- निवेशक बोले-सरकार बदलती है तो अल्प अवधि में शेयर बाजार में आती है गिरावट*

**नई दिल्ली।**

निवेशकों को लगता है कि लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद अगर पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल मिलता है तो उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई स्कीम) योजना का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन हो सकता है। एक रिपोर्ट में कहा कि पीएलआई बेहतर ढंग से लागू होने पर भारत निर्यात का हब बनेगा, सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि होगी और सरकार संचालित उद्यमों का निजीकरण होगा।

देश में सात चरणों में आम चुनावों की शुरुआत 19 अप्रैल से हो चुकी है और अभी दो चरणों का मतदान हो चुका है। रिपोर्ट मे कहा गया है कि जनमत सर्वेक्षणों में आम सहमति से बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए के पूर्ण बहुमत के साथ वापस आने की उम्मीद जताई गई है। सरकार में बदलाव होने की स्थिति में 2004 की तरह अल्प अवधि में शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है। हालांकि ऐसे में महत्त्वपूर्ण यह है कि मध्यम अवधि के लिए सरकार स्थिर रहे। फ्रांस के बैंकिंग समूह ने कहा कि 2018-19 के बाद निवेश चक्र में बदलाव जारी है जबकि इसमें महामारी यानी कोविड19 के दौरान 2020 और 2021 के दौरान बाधा आई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक यह मोदी सरकार की उपलब्धि है कि उसने पिछले चार साल में पूंजीगत व्यय को करीब 100 फीसदी बढ़ा दिया। आने वाले समय में सरकार को राजकोषीय घाटे को तीन फीसदी के दायरे के करीब रखने के लिए वृद्धि दर को कम करना पड़ सकता है। हालांकि आय वृद्धि की सतत मदद के लिए पूंजीगत व्यय की वृद्धि पर नजर रखनी होगी। पीएलआई योजना को शुरू किए जाने के तीन वर्ष बाद यह अनुदान लिए जाने में गिरावट आई है।

रिपोर्ट में सरकारी आंकड़े के अनुसार पीएलआई योजना से करीब 100 अरब डॉलर की बिक्री की है। यह बिक्री इस योजना की शुरुआत के अनुमान से करीब 20 फीसदी कम है। हालांकि ऐपल आईफोन के अच्छे निर्यात और टेस्ला से बातचीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ उल्लेखनीय सफलताएं हैं। लिहाजा भारत में अधिक विदेशी कंपनियों के संचालन शुरू करने के साथ पीएलआई योजना के लक्ष्यों को वास्तविक रूप से हासिल करना देखने लायक होगा।

# मंडियों में अरहर दाल के दाम बढ़ने से खुदरा बाजार में आया उछाल

## -कमोडिटी विश्लेषकों ने कहा-अरहर का उत्पादन कम होने से तुअर दाल हुई महंगी

**नई दिल्ली।**

अरहर यानी तुअर दाल के भाव कम नहीं हो रहे हैं। इससे लोग काफी परेशान है। क्योंकि हमारे देश में अरहर दाल की खपत ज्यादा है। पिछले साल से अरहर की कीमतों में आई तेजी आज भी बनी हुई है। इस साल अरहर के थोक भाव 12,000 रुपए क्विंटल को पार कर चुके हैं। अप्रैल माह में भी मंडियों में अरहर के दाम बढ़े रहे। अरहर के थोक भाव बढ़ने से खुदरा बाजार में अरहर दाल की खुदरा कीमत 200 रुपये किलो पार कर चुकी है।

मंडियों में इस माह अरहर की कीमतों में तेजी देखने को मिली। महाराष्ट्र की प्रमुख मंडी अकोला में एक अप्रैल को अरहर के थोक भाव 10,700 से 10,850 रुपये थे, जो अब बढ़कर 12,000 से 12,200 रुपए क्विंटल तक पहुच गए हैं। मंडी में अरहर दाल के थोक भाव 14,400-15,400 रुपए से बढ़कर 16,100-17,300 रुपये क्विंटल हो गए हैं। दिल्ली की मंडी में अरहर दाल के थोक भाव 1,300 रुपए बढ़कर 16,500-16,600 रुपये क्विंटल हो चुके हैं।

मंडियों में अरहर की कीमतों में तेजी का असर खुदरा बाजार पर भी दिख रहा है। आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में अरहर दाल की औसत खुदरा कीमत इस माह 157 रुपए से बढ़कर 170 रुपए, महाराष्ट्र में 159.74 से बढ़कर 167.63 रुपए, मध्य प्रदेश में 150.46 से बढ़कर 157.02 रुपए और यूपी में 143.92 से बढ़कर 147.56 रुपए किलो हो गई है। देशभर में अरहर(तुआर) की औसत खुदरा कीमत इस माह 149.23 रुपए से बढ़कर 152.73 रुपए हो गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत 203 रुपए किलो है।

कमोडिटी विश्लेषकों के अनुसार सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी अरहर दाल के दाम बढ़ रहे हैं। अरहर की आपूर्ति कमजोर है क्योंकि अरहर का उत्पादन कम हुआ है। इसलिए अरहर दाल महंगी हुई है। एक और कमोडिटी विश्लेषक ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में अरहर दाल के आयात में करीब 10 फीसदी कमी आई है जिससे अरहर के दाम बढ़ रहे हैं। जानकारों के मुताबिक अरहर की आवक कम होने से भी इसकी कीमतों में तेजी को बल मिला है। पिछले साल की तुलना में इस अप्रैल माह में अरहर की आवक में करीब 18 फीसदी कमी है।

# सार्वजनिक निवेश ने भारत को दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया

**नई दिल्ली।**

मजबूत सार्वजनिक निवेश ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा कि भारत और चीन के उच्च वृद्धि के अनुमानों के कारण इस क्षेत्र के वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है। कोष ने 2024 में इस क्षेत्र का वृद्धि अनुमान 0.3 फीसदी बढ़ाकर 4.5 फीसदी कर दिया है जबकि इस क्षेत्र की 2023 में 5 फीसदी की ही बढ़ोरती हुई थी। आईएमएफ के अनुसार एशिया और प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्ण श्रीनिवासन ने कहा कि भारत और चीन के लिए अनुमानों को बेहतर किया गया है। चीन में नीतियों से मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में घरेलू और सार्वजनिक निवेश का प्रमुख योगदान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय को 16.9 फीसदी बढ़ाकर रिकार्ड 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया था। आईएमएफ ने अपने वैश्विक अर्थव्यवस्था के नजरिये (डब्ल्यूईओ) में भारत के 2024-25 के जीडीपी में बढ़ोतरी के अनुमान को 30 आधार अंक बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार कि भारत और फिलिपींस की जबरदस्त घरेलू मांग से हुई बढ़ोतरी ने आश्चर्यचकित किया है। आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को वित्त वर्ष 2024 के लिए बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया जबकि जनवरी की रिपोर्ट में अनुमान 6.7 फीसदी था। आईएमएफ का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 में देश की आर्थिक वृद्धि का अनुमान गिरकर 6.5 फीसदी हो जाएगा और यह जनवरी के अनुमान के अनुरूप है। आईएमएफ को चीन के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2023 के 5.2 फीसदी से गिरकर 2024 में 4.6 फीसदी होने का अनुमान है।

# बैंकों की एनबीएफसी को उधारी, व्यक्तिगत ऋण में सुस्ती

**नई दिल्ली।** बैंकों की गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को उधारी मार्च 2024 में सालाना आधार पर गिरकर 15.3 फीसदी हो गई जबकि एक साल पहले की अवधि में 29.9 फीसदी थी। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक के जारी आंकड़े में दी गई। नियामक ने बीते साल नवंबर में असुरक्षित ऋण के जोखिम से निपटने के लिए भारांक 100 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया था। बैंकों के एनबीएफसी के जोखिम भारांक के 100 से फीसदी कम होने की स्थिति में भी 25 आधार अंक बढ़ा दिया गया था। मार्च 2024 में सालाना आधार खुदरा ऋण 17.7 फीसदी पर सुस्ती से बढ़ा जबकि यह एक साल पहले 21 फीसदी था। खुदरा ऋण में गिरावट वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋण में कमी आने से आया था जो मुख्य तौर पर असुरक्षित ऋण में आते हैं। दूसरी तरफ मार्च में उद्योग की उधारी वृद्धि में सालाना आधार पर 8.5 प्रतिशत फीसदी की बढ़ोतरी हुई जबकि मार्च 2023 में 5.6 फीसदी था।




# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का राजस्व 17 फीसदी बढ़ा

## - ईएसजी स्कोर ने कंपनी को शीर्ष 20 विद्युत उपयोगिताओं में से एक बना दिया

**अहमदाबाद।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने 31 मार्च को खत्म हुए वित्तवर्ष के लिए 14,217 करोड़ रुपए का परिचालन राजस्व दर्ज किया है जो 17 फीसदी ज्‍ेयादा है। टैक्स के बाद पीएटी 12 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1,197 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। पूरे वर्ष के लिए परिचालन ईबीआईटीडीए 5,695 करोड़ रुपए था, जो सालाना आधार पर 7 फीसदी ज्‍ेयादा रहा। जनवरी-मार्च अवधि की चौथी तिमाही के लिए राजस्व 17 प्रतिशत बढ़ा और ईबीआईटीडीए 1,769 करोड़ रुपए रहा, जो 4 फीसदी ज्यादा पर खत्म हुआ। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के एमडी अनिल सरदाना ने कहा कि नई लाइनों को चालू करने में एईएसएल की प्रगति, मजबूत ऊर्जा मांग, रुचि के क्षेत्रों में बाजार के अवसरों को पहचानने और उनका दोहन करने की क्षमता हमारे विकास को गति दे रही है और जिससे हम भारत में ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि हमें ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को विकसित करने, नवीकरणीय निकासी की सुविधा के साथ-साथ मौजूदा ग्रिड को मजबूत करने में योगदान पर हमें गर्व है। कंपनी ने कहा कि वरोरा-कुर्नूल, करूर, खारघर-विक्रोली और खावड़ा-भुज ट्रांसमिशन लाइनों के योगदान से राजस्व बढ़ा है, साथ ही मुंबई वितरण व्यवसाय में ऊर्जा खपत में वृद्धि हुई। हाल के मूल्यांकन में सस्टेनलिटिक्स के 25.3 के ईएसजी स्कोर ने हमें शीर्ष 20 विद्युत उपयोगिताओं में से एक बना दिया और वैश्विक व उद्योग के औसत को पार करने में मदद की। कंपनी ने कहा इस साल ट्रांसमिशन सेगमेंट के भीतर कंपनी ने पाइपलाइन में कई परियोजनाएं जोड़ीं, जैसे कि केपीएस -1 (खावड़ा पूलिंग स्टेशन), खावड़ा चरण-III पार्ट-ए और आरटीएम आधार के तहत मल्टीपल लाइन और सबस्टेशन संवर्द्धन परियोजनाएं, जिससे ट्रांसमिशन परियोजनाओं के लिए 17,000 करोड़ रुपए के ऑर्डर बुक किए हैं। देशभर में मजबूत मांग के रुझान के अनुरूप, वित्तवर्ष 24 में अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई में ऊर्जा मांग 9.4 फीसदी से बढ़कर 9,916 मिलियन यूनिट हो गई। कंपनी ने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग बिजनेस सेगमेंट के भीतर ऑर्डर बुक बढ़कर 22.8 मिलियन स्मार्ट मीटर तक पहुंच गई है, जिसमें 27,195 करोड़ रुपए की राजस्व क्षमता है। एईएसएल देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी है, जिसकी मौजूदगी 17 राज्यों में है और इसका संचयी ट्रांसमिशन नेटवर्क 20,509 सीकेएम और 57,011 एमवीए परिवर्तन क्षमता है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अप्रैल में बेंच दी 20,494 यूनिट

**मुंबई ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अप्रैल माह में थोक बिक्री सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 20,494 यूनिट हो गई। कंपनी ने अप्रैल 2023 में 15,510 यूनिट बेची थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि परिचालन क्षमता, उत्पादकता और सुरक्षा को बनाए रखने के वास्ते मशीनरी तथा उपकरणों के रखरखाव के लिए छह अप्रैल से एक सप्ताह के रखरखाव बंद के बावजूद वृद्धि गति बरकरार रही। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 18,700 यूनिट रही, जबकि निर्यात कुल 1,794 यूनिट रहा। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा, ''हमारी उत्पाद रणनीति विविध खंड के दम पर बाजार के साथ मजबूत संबंध को दर्शाती है।''




# दिल्ली हाईकोर्ट ने ग्रोवर को भारतपे शेयरों में तीसरे पक्ष को पार्टी बनाने से रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशे नीर ग्रोवर के खिलाफ आदेश जारी किया, जिससे फिनटेक कंपनी के सह-संस्थापक, भाविक कोलाडिया द्वारा उन्हें हस्तांतरित 16,110 शेयरों में किसी भी तीसरे पक्ष के हित या अधिकार बनाने से रोक दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने ग्रोवर के खिलाफ चल रहे मुकदमे के तहत कोलाडिया द्वारा दायर एक अंतरिम आवेदन के जवाब में जारी किया। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर को कानूनी कार्यवाही के खत्म होने तक शेयरों से संबंधित कोई भी तीसरे पक्ष की व्यवस्था करने से बचना चाहिए। ग्रोवर 2017 में सह-संस्थापक कोलाडिया और शाश्वे त नाकरानी के भारतपे में शामिल हुए थे, 2018 में तीसरे सह-संस्थापक के रूप में उन्होंने पिछले साल सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह इन शेयरों में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे। इससे पहले, एकल पीठ ने मुकदमे में अंतरिम आवेदन को खारिज करते हुए ग्रोवर को अवैतनिक शेयरों में तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोकने के नाकरानी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इस साल मार्च में उच्च न्यायालय ने एक आदेश जारी कर ग्रोवर को फिनटेक कंपनी, उसके पदाधिकारियों या अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक और अपमानजनक बयान देने से रोक दिया था। पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने ग्रोवर पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने ग्रोवर को 48 घंटे के भीतर अपने ट्वीट हटाने को कहा था, जिसमें एसबीआई चेयरपर्सन को तुच्छ कहने वाला ट्वीट भी शामिल था। कोर्ट ने इकोनॉमिक टाइम्स को ग्रोवर द्वारा आरबीआई अध्यक्ष को लिखे गए पत्रों के आधार पर एक लेख हटाने का भी आदेश दिया था। फंड के दुरुपयोग के आरोप में ग्रोवर और उनकी पत्‍नी को 2022 में कंपनी से बर्खास्त किए जाने के कुछ महीनों बाद भारतपे ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

# सेबी ने म्यूचुअल फंड खातों के लिए नॉमिनी करना वैकल्पिक बनाया

**मुंबई ।**

सेबी ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से रखे जाने वाले म्यूचुअल फंड खातों के लिए किसी व्यक्ति को नॉमिनी करना वैकल्पिक बना दिया है। साथ ही सेबी ने 'फंड हाउस' को जिंस और विदेशी निवेश की निगरानी के लिए एक ही 'फंड मैनेजर' रखने की अनुमति दी है। इससे उसके प्रबंधन की लागत कम होगी। सेबी का यह कदम उसके द्वारा गठित एक कार्य समूह द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों की समीक्षा करने और कारोबार को आसान बनाने के लिए उपायों की सिफारिश करने के बाद उठाए हैं। कार्य समूह की सिफारिश के आधार पर सार्वजनिक परामर्श किया गया, जिसमें संयुक्त म्यूचुअल फंड खातों में किसी को नामित करने को वैकल्पिक बनाने और 'फंड हाउस' को जिंस तथा विदेशी निवेशों की देखरेख के लिए एक ही फंड मैनेजर रखने की अनुमति देने का विकल्प सुझाया गया।



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, तदनुसार यह निर्णय लिया गया है कि संयुक्त म्यूचुअल फंड फोलियो में किसी को नामित करना वैकल्पिक होगा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि संयुक्त धारकों के लिए किसी को नामित करने की आवश्यकताओं में छूट फायदेमंद होगी। इससे जीवित सदस्य नामित माना जाएगा जिससे नामांकन की प्रक्रिया सुगम बनेगी।

नियामक ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए किसी व्यक्ति को नामित करने की आखिरी तारीख 30 जून 2024 तय की है। यदि वे इसका पालन करने में विफल रहते हैं, तब उनके खाते निकासी के लिए 'फ्रीज' कर दिए जाएंगे। सेबी ने कहा कि जिंस आधारित कोष जैसे गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड), सिल्वर ईटीएफ और जिंस बाजार में भाग लेने वाले अन्य फंड के लिए समर्पित फंड मैनेजर की नियुक्ति वैकल्पिक होगी। साथ ही, विदेशी निवेश करने के लिए भी समर्पित फंड मैनेजर की नियुक्ति वैकल्पिक होगी।

# गोदरेज फैमिली में संपत्तियों को लेकर हुआ बंटवारा

**मुंबई ।**

हर परिवार में संपत्ति और पैसों का बंटवारा होता है, लेकिन जब देश के दिग्गज कारोबारी परिवारों में बंटवारा होता है, तब यह बंटवारा सुर्खियां बन जाती है। भारत के कई कॉरपोरेट घरानों में बंटवारे हुए हैं। अब इस कड़ी में एक और बिजनेस फैमिली में बंटवारा होने वाला है। 127 साल पुराने गोदरेज फैमिली में संपत्तियों के विभाजन को लेकर सहमति बन गई है। भारतीय शेयर बाजार में गोदरेज समूह की 5 कंपनियां लिस्टेड हैं। इसमें गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज, गोदरेज एग्रोवेट और एस्टेक लाइफसाइंसेज शामिल है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सूचीबद्ध कंपनियों में सबसे बड़ी है, जिसका बाजार पूंजीकरण 30 अप्रैल तक 1.26 लाख करोड़ रुपये है। वहीं, इन सभी कंपनियों का ज्वाइंट मार्केट कैप 200000 करोड़ से ज्यादा है।

**बंटवारे में किसे क्या मिलेगा?**

शेयर किए गए समझौते के अनुसार, गोदरेज परिवार ने अपने कारोबारी समूह को दो भागों में बांटने के लिए एक एग्रीमेंट किया है। इस फैमिली सेटलमेंट एग्रीमेंट (एफएसए) में कहा गया है, आपसी सम्मान, सद्भावना, सौहार्द और सद्भाव को बनाए रखने के लिए परिवार के विभिन्न लोगों के बीच एक समझौता हुआ है जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की है।

प्रॉपर्टी को लेकर यह बंटवारा दो फैमिली ब्रांच के बीच हुआ है। इसमें एक ओर आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर हैं, वहीं दूसरी ओर उनके चचेरे भाई जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज कृष्णा हैं। समझौते में आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर को गोदरेज इंडस्ट्री का अधिकार मिला है जिसमें 5 सूचीबद्ध कंपनियां हैं। वहीं, जमशेद और स्मिता को नॉन-लिस्टेड कंपनियों के साथ-साथ मुंबई में सबसे अहम प्रॉपर्टी सहित बड़ा भूखंड मिल रहा है।

**गोदरेज ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों का**




**मार्केट कैप**

- गोदरेज इंडस्ट्री- 32,000 करोड़
- गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स- 1,26,000 करोड़
- गोदरेज प्रॉपर्टीज- 73,000 करोड़
- गोदरेज एग्रोवेट- 10,000 करोड़
- एस्टेक लाइफ साइंसेज- 2500 करोड़

**गोदरेज ग्रुप का कारोबारी इतिहास**

1897 में स्थापित, गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, कृषि, रियल एस्टेट, केमिकल और फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने वाला समूह है। गोदरेज फैमिली ने एक बयान में कहा कि इस बंटवारे के बाद अब कंपनियों के शेयर होल्डिंग पैटर्न में बदलाव हो सकता है।

# मोदी सरकार के लिए अच्छी खबर...पहली बार जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के बीच आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए एक और अच्छी खबर आई है। ग्रॉस जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) कलेक्शन अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। घरेलू लेनदेन और आयात में मजबूत वृद्धि के कारण पिछले साल की तुलना में जीएसटी कलेक्शन 12.4 प्रतिशत बढ़ा है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पहली बार जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार कर गया। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू लेनदेन 13.4 प्रतिशत बढ़ा और आयात 8.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ। रिफंड के बाद, अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17.1 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल में सीजीएसटी कलेक्शन 43,846 करोड़ रुपये था, एसजीएसटी कलेक्शन 53,538 करोड़ रुपये और आईजीएसटी कलेक्शन 99,623 करोड़ रुपये था, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल थे। उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रुपये था, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 1,008 करोड़ रुपये शामिल थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in